वर्ष 23, अंक 273, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज रविवार 27 अक्टूबर 2024 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## 'जवाबी कार्रवाई पर भुगतना पड़ेगा नतीजा'

# इजरायली हमलों से भड़का ईरान! अमेरिका ने दी चेतावनी

**अमेरिका : इजरायल** और ईरान के बीच में संघर्ष लगातार जारी है. एक अक्टूबर को ईरान के किए गए मिसाइल हमले का इजरायल ने अभियान चलाकर जवाब दिया है और इजरायल के इन हमलों से ईरान भड़का है.

एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि इजरायल का हमला व्यापक, सीधे निशाने पर और बिल्कुल सटीक था. जो कि ईरान के जवाबी कार्रवाई करने पर इसके संभावित परिणाम भुगतने की भी चेतावनी दी. इजरायल के इस अभियान के बारे में राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ पूरा अमेरिकी प्रशासन को सूचित रखा गया था, लेकिन दूसरी ओर यह भी स्पष्ट किया कि इजरायल के इन हमलों में अमेरिका की कोई भागीदारी नहीं है.

ये इजरायली अभियान केवल आत्मरक्षा का अभ्यास

1 अक्टूबर, 2024 को ईरान ने इजरायल पर लगभग 200 मिसाइल लक्षित कर हमला किया था. जिसके बाद इजरायल ने अभियान चलाकर आत्मरक्षा का अभ्यास किया है. वहीं, इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने ईरान और उसके सहयोगियों के किए हमले



के जवाब दिया.

बाइडन और नेतन्याहू ने प्रतिक्रिया के तरीके पर की चर्चा

बाइडेन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने संकेत देते हुए बताया कि हालांकि संयुक्त राज्य अमेरिका ने किसी हमले में भाग नहीं लिया, पर वह इजरायल के साथ चचाओं में सक्रिय रूप से शामिल रहा था और हमले के दौरान नागरिकों की कम से कम क्षति के साथ लक्ष्य पर बिल्कुल सटीक जवाब देने को प्रोत्साहित कर रहा था.

तैयार करें ऐसी प्रतिक्रिया जो संघर्ष में आक्रामकता को रोक सके: बाइडन

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजोमिन नेतन्याहू से विशेषकर एक ऐसी प्रतिक्रिया को तैयार करने की सलाह दी है जिससे संघर्ष के समय भी बढ़ते आक्रामकता को रोक सके।

### सैन्य ठिकानों को लक्ष्य बनाकर किया था हमला: आईडीएफ

**इजायरली** रक्षा बल (आईडीएफ) ने इस बात की पुष्टि की है कि उसके हमले ईरान के आबादी वाले क्षेत्र से बाहर केवल लक्षित सैन्य ठिकानों पर पूर्ण सटीकता के साथ किए गए थे. वहीं, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स तेहरान में आसपास के इलाके में जोरदार विस्फोटों का उल्लेख कर रही है. पर अब तक इस विस्फोटों के स्रोत के बारे में कोई पुष्टि नहीं हुई है.

किसी भी संभावित हमले से बचाव के लिए तैयार है अमेरिका

बताया गया कि अमेरिका ईरान के किसी भी संभावित हमले का जवाब देने के लिए बचाव करने के लिए पूरी तरह से तैयार है. हाल ही में अमेरिका ने इजरायल में थाड (THAAD) मिसाइल सिस्टम को तैनात किया है.

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में एक और वांछित गिरफ्तार

**मुंबई। पूर्व** मंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में मुंबई पुलिस के हाथ एक बड़ी कामयाबी लगी है। मुंबई पुलिस और पंजाब पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन में इस मर्डर में वांछित एक और व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। पकड़े जाने वाले व्यक्ति का नाम सुजीत सुशील सिंह है, जो मुंबई का निवासी है।

इस मामले की जानकारी डीजीपी पंजाब पुलिस ने दी है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, "मुंबई पुलिस ने पंजाब पुलिस के साथ मिलकर एक बड़ी सफलता




हासिल की है।

इस संयुक्त ऑपरेशन में मुंबई निवासी सुजीत सुशील सिंह को गिरफ्तार किया गया है, जो बाबा सिद्दीकी के हाई-प्रोफाइल मर्डर केस में वांछित था।"

"सुजीत पर आरोप है कि उसने इस हत्या की साजिश में सहयोग दिया था। हत्या की योजना के बारे में उसे पहले से ही जानकारी थी, जो कि एक अन्य आरोपी, नितिन गौतम सपरे ने उसे दी थी।

### अस्पताल में भर्ती हुए दिल्ली वीरेंद्र सचदेवा

**नई दिल्ली**

**भाजपा** ने लोगों को यमुना की दुर्दशा दिखाने और उन्हें 2021 में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा किए गए वादे की याद दिलाने के लिए आईटीओ छठ घाट पर आमंत्रित किया था। यमुना नदी के अत्यधिक प्रदूषित पानी में डुबकी लगाने के करीब दो दिन बाद, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को सांस लेने में कठिनाई और त्वचा पर चकत्ते की शिकायत के बाद शनिवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### सपा के स्टार प्रचारकों की लिस्ट में आजम खान का नाम



**उत्तर प्रदेश: उत्तर** प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने अपने 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है. सपा की स्टार प्रचारक लिस्ट में वैसे तो कई नाम हैं लेकिन इस लिस्ट में कई चौंकाने वाले नाम शामिल हैं. सपा द्वारा जारी की गई इस लिस्ट में सपा मुखिया अखिलेश यादव, सपा सांसद रामगोपाल यादव, सपा नेता शिवपाल यादव, सपा सांसद डिंपल यादव और आजम खान का नाम भी शामिल है. सपा द्वारा जारी की गई 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट में सबसे पहला सपा मुखिया अखिलेश यादव का नाम है. हालांकि इस लिस्ट में जेल में बंद आजम खान का नाम सभी को चौंका रहा है. क्योंकि अब देखना ये है कि आजम खान जेल में बंद है और वह किस प्रकार से समाजवादी पार्टी के लिए प्रचार में हिस्सा ले पाएंगे.

उपचुनाव में सपा के लिए प्रचार करते दिखेंगे ये नेता

सपा की स्टार प्रचारकों की लिस्ट में अखिलेश यादव, प्रो. रामगोपाल यादव, पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खान, सपा सांसद डिंपल यादव, सपा सांसद जया बच्चन, सपा नेता शिवपाल सिंह यादव, रामजी लाल सुमन, श्याम लाल पाल, बाबू सिंह कुशवाहा, लालजी वर्मा, हरेंद्र मलिक, अवधेश प्रसाद, नरेश उत्तम पटेल, इंद्रजीत सरोज, माता प्रसाद पांडेय, विशम्भर प्रसाद निषाद, राम अचल राजभर, ओम प्रकाश सिंह, कमाल अख्तर, शाहिद मंजूर, रामगोविंद चौधरी, लालबिहारी यादव, जावेद अली खान, राजाराम पाल, महबूब अली, जियाउर्रहमान बर्क, देवेश शाक्य, रामआसरे विश्वकर्मा, रमेश प्रजापति, किरनपाल कश्यप, राम औतार सैनी, रेखा वर्मा, त्रिभुवन दत्त, अतुल प्रधान, मिठाईलाल भारती, आबिद रजा, संजय कविता, राजपाल कश्यप, मो. शकील अहमद कश्यप और जुगुल किशोर बाल्मीकि का नाम शामिल है।

## आप के दावे से सियासत हुई गर्म, बीजेपी बोली- यह जनता का विरोध

# केजरीवाल पर किसने किया हमला

**नई दिल्ली**

आप नेता मनीष सिसोदिया ने सोशल मीडिया पर कहा कि अरविंद केजरीवाल पर हमला बेहद निंदनीय और चिंताजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने अपने गुंडों के जरिए यह हमला करवाया है।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में एक रैली के दौरान कथित तौर पर हमला किया गया। आप ने आरोप लगाया कि यह हमला भाजपा ने अपने गुंडों के जरिए करवाया है। पार्टी ने पुलिस



पर भी आरोप लगाया और कहा कि दिल्ली पुलिस ने भाजपा के गुंडों को नहीं रोका। आप नेता मनीष सिसोदिया ने सोशल मीडिया पर कहा कि अरविंद केजरीवाल पर हमला बेहद निंदनीय और चिंताजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने अपने गुंडों के जरिए यह हमला करवाया है।

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली की जनता ने देखा है कि बीजेपी की गंदी राजनीति किस हद तक गिर सकती है। उन्होंने कहा, "अरविंद केजरीवाल पर विकासपुरी पदयात्रा के दौरान बीजेपी के गुंडों ने हमला किया। बीजेपी जानती है कि वह चुनावों में आप और अरविंद केजरीवाल को नहीं हरा सकती, इसलिए वे ऐसी गंदी राजनीति पर उतर आए हैं और अरविंद केजरीवाल को मारना चाहते हैं।

## चक्रवात 'दाना' अब पड़ने लगा कमजोर

### कम दबाव वाले क्षेत्र में हुआ तब्दील



**ओडिशा**

**चक्रवात** 'दाना' शुक्रवार को ओडिशा तट पर पहुंचा, जिससे कई इलाकों में पेड़ उखड़ गए, बिजली के तार टूट गए और पश्चिम बंगाल में एक व्यक्ति की मौत हो गई। तूफान ओडिशा के भीतरकनिका और धामरा के बीच 100-110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा के साथ पहुंचा।

ओडिशा में आया चक्रवात 'दाना' कमजोर होकर एक "अच्छी तरह से चिह्नित" निम्न दबाव वाले क्षेत्र में बदल गया है। जल्द ही ये चक्रवात कमजोर होकर महत्वहीन भी हो जाएगा। ये जानकारी भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दी है। चक्रवात 'दाना' शुक्रवार को ओडिशा तट पर पहुंचा, जिससे कई इलाकों में पेड़ उखड़ गए, बिजली के तार टूट गए और पश्चिम बंगाल में एक व्यक्ति की मौत हो गई। तूफान ओडिशा के भीतरकनिका और धामरा के बीच 100-110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा के साथ पहुंचा।

एक्स पर एक पोस्ट में, आईएमडी ने कहा, "उत्तर ओडिशा पर दबाव (गंभीर चक्रवाती तूफान "दाना" का अवशेष) पिछले 6 घंटों के दौरान थोड़ा पश्चिम की ओर बढ़ गया और उसी क्षेत्र में एक सुस्पष्ट निम्न दबाव वाले क्षेत्र में कमजोर हो गया। अगले 12 घंटों के दौरान इसके और कमजोर होने और महत्वहीन होने की संभावना है।"

इससे पहले ओडिशा के मुख्यमंत्री ने बताया कि 4431 गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य केंद्रों में भेजा गया है, जिनमें से 1600 ने प्रसव कराया है और सभी माताएं और बच्चे स्वस्थ हैं। स्थिति पर चौबीसों घंटे नजर रखी जा रही है। भगवान जगन्नाथ के आशीर्वाद से हम चक्रवात पर सफलतापूर्वक विजय प्राप्त करेंगे।

प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सीएम माझी ने कहा कि अब तक आठ लाख लोगों को निकाला जा चुका है।

# रतन टाटा की 10000 करोड़ रुपये की वसीयत में शांतनु नायडू को कितना मिला?

## अपने कुक को भी मालामाल कर गये टाटा

**मुंबई**

**अपने** गहरे संबंधों के लिए जाने जाने वाले टाटा ने कथित तौर पर नायडू के शिक्षा ऋण को माफ कर दिया और नायडू के साथी स्टार्टअप, गुडफेलो में अपना स्वामित्व अपनी विरासत के हिस्से के रूप में सौंप दिया। ये इशारे टाटा के नायडू के साथ साझा किए गए गहन विश्वास और सौहार्द का प्रतीक हैं।

शांतनु नायडू को रतन टाटा का सबसे खास माना जाता था। दोनों काफी ज्यादा करीब थे। अब जब रतन टाटा नहीं रहे हैं और उनकी अरबों का खड़ा किया गया बिजनेस का एंमपायर कैसे चलेगा और उनकी वसीयत में कौन कौन शामिल हैं यह बात भी लोगों के दिलों में आ रही हैं। और देखता होगा कि क्या रतन टाटा शांतनु नायडू को अपनी वसीयत का हिस्सा बनाया है या नहीं। शांतनु नायडू को अपने मित्र से क्या विरासत में मिलने की उम्मीद है, आइये जानते हैं-

रतन टाटा के भरोसेमंद कार्यकारी सहायक के रूप में काम करने वाले शांतनु नायडू का टाटा की विरासत में एक विशेष स्थान है और उन्हें उनकी संपत्ति का एक हिस्सा विरासत में मिलने की उम्मीद है। अपने गहरे संबंधों के लिए जाने जाने वाले टाटा ने कथित तौर पर नायडू के शिक्षा ऋण को माफ कर दिया और नायडू के साथी स्टार्टअप, गुडफेलो में अपना स्वामित्व अपनी विरासत के हिस्से के रूप में सौंप दिया। ये इशारे टाटा के नायडू के साथ साझा किए गए गहन विश्वास और सौहार्द का प्रतीक हैं, हालांकि इस व्यवस्था का विवरण निजी है।

प्रतिष्ठित उद्योगपति और परोपकारी रतन टाटा का हाल ही में मुंबई के एक अस्पताल में निधन हो गया, वे अपने पीछे 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति छोड़ गए।

यह महत्वपूर्ण विरासत टाटा की अपने परिवार और करीबी सहयोगियों के प्रति विचारशीलता को रेखांकित करती है, जिसके लाभार्थियों में उनके भाई जिमी टाटा, सौतेली बहनें शिरीन और डीना जीजीभॉय और वफादार घरेलू कर्मचारी शामिल हैं। टाटा की उल्लेखनीय संपत्तियों में अलीबाग में 2,000 वर्ग फुट का समुद्र तट पर बना बंगला, मुंबई के जुहू तारा रोड पर दो मंजिला घर, 350 करोड़ रुपये से अधिक की सावधि जमा और टाटा संस में



0.83% हिस्सेदारी शामिल है।

दोस्ती और साझा मूल्यों की कहानी:

नायडू और टाटा की यात्रा 2014 में शुरू हुई जब टाटा एलेक्सी के एक युवा इंजीनियर नायडू ने आवारा कुत्तों की दुर्घटनाओं को कम करने के लिए रिफ्लेक्टिव कॉलर तैयार किए।

उन्होंने टाटा को, जो एक उत्साही पशु प्रेमी हैं, अपने प्रोजेक्ट के बारे में बताते हुए लिखा, ताकि वे उन गली के कुत्तों के लिए कुछ बदलाव ला सकें जिनकी वे देखभाल करते हैं।

## पाकिस्तान ने सिर्फ 3.1 ओवरों में ही इंग्लैंड को हरा दिया, टेस्ट इतिहास का महारिकॉर्ड

**रावलपिंडी: पाकिस्तान** क्रिकेट टीम ने पहले मुकाबले में हार के बाद जबरदस्त वापसी की है। उसने दूसरे मैच के बाद तीसरे में भी शानदार जीत दर्ज करते हुए सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। इंग्लैंड ने पहली पारी में 267 रन बनाए थे। जवाब में पाकिस्तान ने पहली पारी में 344 रनों का स्कोर खड़ा किया। इसके बाद उसने इंग्लैंड की दूसरी पारी को सिर्फ 112 रनों पर समेट दिया। उसे दूसरी पारी में सिर्फ 36 रनों का लक्ष्य मिला, जिसे उसने एक विकेट खोकर 3.1 ओवरों में ही हासिल कर लिया।



यानी उसे यह मैच जीतने में सिर्फ 19 गेंद लगे। छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान टीम को पहला झटका 14 रनों के पर लगा। सैम अयूब को 8 रनों के निजी स्कोर पर जैक लीच ने एलबीडब्ल्यू किया।

इसके बाद अब्दुल्लाह शफीक और शान मसूद ने कोई झटका नहीं लगने दिया। शफीक 5 रन पर नाबाद रहे तो कप्तान शान मसूद ने 6 गेंदों में 4 चौके और एक छक्का उड़ाते हुए नाबाद 23 रनों की पारी खेली।

## फडणवीस के खिलाफ गिरीश पांडव को टिकट

# कांग्रेस ने जारी की उम्मीदवारों की दूसरी सूची

**महाराष्ट्र**

**महा** विकास अघाड़ी में सीटों के बंटवारे पर चर्चा चल रही है और शनिवार को अंतिम बैठक होनी है। अब तक घटक दलों ने कांग्रेस, एनसीपी-एससीपी और उद्धव सेना के लिए 90-90 सीटों का फॉमूर्ला तय किया है।

कांग्रेस ने शनिवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 23 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की। उम्मीदवारों की ताजा सूची के साथ ही कांग्रेस पार्टी अब तक 71 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। ताजा सूची में कांग्रेस




ने डिप्टी सीएम और बीजेपी उम्मीदवार देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ दक्षिण नागपुर से गिरीश कृष्णराव पांडव को उम्मीदवार बनाने की घोषणा की है। गौरतलब है कि महा विकास अघाड़ी में सीटों के बंटवारे पर चर्चा चल रही है और शनिवार को अंतिम बैठक होनी है। अब तक घटक दलों ने कांग्रेस, एनसीपी (एससीपी) और उद्धव सेना के लिए 90-90 सीटों का फॉमूर्ला तय किया है।

पूरी सूची

भुसावल - डॉ. राजेश तुकाराम मानवटकर

जलगांव - डॉ. स्वाति संदीप वाकेकर

अकोट - महेश गंगाने

वर्धा - शेखर प्रमोदबाबू शेंडे

सावनेर - अनुजा सुनील केदार

नागपुर दक्षिण - गिरीश कृष्णराव पांडव

कामठी - सुरेश यादवराव भोयर

भंडारा (एससी) - पूजा गणेश थवकुर

अर्जुन-मोरगांव (एससी) - दलीप वामन बंसोड

आमागांव (एसटी) - राजकुमार लोटुजी पुरम

रालेगांव - प्रो. वसंत चिंदुजी पुरके

यवतमाल - अनिल बालासाहेब शंकरराव मंगुलकर

अरनी (एसटी) - जितेंद्र शिवाजीराव मोघे

उमरखेड़ (एससी) - साहेबराव दत्ताराव कांबले

जालना - कालियास किशनराव गोरटन्याल ।

# हमें अपनी प्राचीन सभ्यता और संस्कार भूलना नहीं चाहिए : राजमणि कोल

## धन तेरस और दीपावली पर्व के मद्देनजर मेजा ब्लाक में प्रधान एवं बीडीसी सम्मान समारोह आयोजित

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** हमें प्राचीन काल की सभ्यता एवं संस्कार को भूलना नहीं चाहिए। उक्त उद्गार कोरांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजमणि कोल ने शनिवार को मेजा ब्लाक में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र की की अध्यक्षता में आयोजित प्रधान एवं बीडीसी सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि प्रधान बीडीसी सम्मान समारोह में उपस्थित अतिथियों,ग्राम प्रधान तथा क्षेत्र पंचायत सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए उन्होंने नारी शक्ति पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि आज हमारे बीच में मेजा की पूर्व विधायक श्रीमती नीलम करवरिया जी नहीं हैं उनकी कमी हम सभी को महसूस हो रही है। विधायक कोरांव ने श्रीमती करवरिया के संघर्ष भरे जीवन शैली पर प्रकाश डाला और कहा कि नीलम जी एक साहसी और यशश्वी महिला थीं। इतना ही नहीं भाजपा विधायक ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओं पर





विस्तार से चर्चा करते हुए देश के यशश्वी पीएम और प्रदेश के सीएम योगी बाबा की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि आज समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम के दौरान विधायक राजमणि ने उपस्थित सभी लोगों को धन तेरस और दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें अपनी प्राचीन काल की सभ्यता एवं संस्कार नहीं भूलना चाहिए। इस दौरान उन्होंने मेजा ब्लाक में ग्राम प्रधान भवन निर्माण के लिए 12 लाख का अनुदान देने की घोषणा किया। इसी क्रम में पूर्व ब्लाक प्रमुख मुन्नन शुक्ला,प्रधान संगठन प्रदेश इकाई अल्प संख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष काजी मु मुअज्जम उर्फ पप्पू काजी ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में आए हुए ग्राम प्रधानों तथा बीडीसी सदस्यों को ब्लाक प्रमुख श्रीमती गायत्री मिश्रा ने अंग वस्त्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र ने कार्यक्रम में शरीक हुए सभी लोगों का आभार जताया। इसके पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं कोरांव विधायक राजमणि कोल का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ मेजा अमित मिश्रा एवं संचालन अनिल शुक्ला ने किया।

इस मौके पर सीएचसी मेजा के अधीक्षक डा बबलू सोनकर, सहायक बीडीओ आनंद पांडेय, सीडीपीओ मेजा रागिनी कौशिक, बिहिप के अध्यक्ष ई नित्यानंद उपाध्याय, सिद्धांत तिवारी, राहुल मिश्रा,मयंक मिश्रा, प्रधान विजय बहादुर सिंह, अशोक कुमार प्रजापति, रामधारी उर्फ कल्लू नेता आदि के अलावा कई अन्य प्रधान एवं बीडीसी सदस्य प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# दीपावली पर दीपों की तैयारी में जुटा कुम्हारों का कुनबा उम्मीद की आर्थिक बिक्री पर जोर



**करछना।** दीपों का पर्व दिपावली जैसे-जैसे नजदीक आ रही वैसे-वैसे तैयारी जोरों पर चल रही हैं। कुम्हारों का पूरा कुनबा दिया बनाने एवं सुखाने में जुटा हुआ है। क्योंकि इस पर्व पर वर्षों से अपनी उम्मीद अधिक बिक्री के लिए आश लगाए रहते हैं। मिट्टी कुटकर पहले उसे सूखा कर रख लेते हैं। फिर काम आने पर पानी डालकर उसे आटे की तरह गूथते हैं। फिर चाक? पर रख कर अपनी कला के माध्यम से तैयार करते हैं। क्षेत्र के सेमरी (जारी) के राहुल प्रजापति ने बताया कि आगामी आने वाला युवा पीढ़ी इस पुश्तैनी धंधा से मुंह मोड़ रही है। वह बताते हैं की मिट्टी का अभाव होने के कारण हमें ट्रैक्टर ट्राली के द्वारा दूर-दराज से मिट्टी एवं अस्सी से सौ रुपए प्रति सैकड़ा पकाने के लिए उपली ही खरीदना पड़ता है। राजेंद्र,देवी दयाल एवं दुखी राम प्रजापति ने बताया कि, दीपक जलाने वाली दियाली 40 रुपए प्रति सैकड़ा,चाय वाली कुल्हड़70 रुपए,एवं बड़ी कुल्हड़ शादी - विवाह में प्रयोग होने वाली सवा सौ रुपए सैकड़ो की बिक्री हैं। उन्होंने कहा कि हम लोग प्रतिदिन कम से कम 500 का कार्य कर लेते हैं। बेरोजगार से यह अपना स्वरोजगार उत्तम है। वही सिया राम प्रजापति ने बताया कि लोग चाइनीज सामानों का बहिष्कार करें और अपने देश की मिट्टी का बने सामानों को अपनाये तभी हमलोगों का कार्य (धंधा) जिंदा रह सकता है। स्वदेशी एवं पारंपरिक दीयो को अपनाने से गरीबों का भला हो सकेगा। कौंधियारा क्षेत्र के जोकनई, पोखरा, खपटिहा ,भिस्कुरी, ढोढ़री, रैपुरा ,टिकरी, धरी आदि गांव में यह धंधा अब भी अपनी पहचान बनाए हुए हैं।

# भाजपा सरकार ने भयमुक्त, अपराध मुक्त समाज का दिया वातावरण : राकेश सचान



अखंड भारत संदेश

**सहसों।** कार्यकताओं की मेहनत, लगन, निष्ठा एवं सम्मानित मतदाताओं की आस्था से फूलपुर विधानसभा का उपचुनाव की जीत सुनिश्चित है। उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने फूलपुर विधानसभा के उपचुनाव का सहसों में केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन कार्यक्रम में फीता काटकर कही। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकताओं का सम्मान एवं महिलाओं तथा प्रदेश की जनता की सुरक्षा के लिए उत्तर प्रदेश भाजपा सरकार द्वारा भयमुक्त, अपराध मुक्त समाज का वातावरण हम सभी को मिला है। सरकार ने किसानों, युवाओं, महिलाओं, व्यापारीयों के स्वाभिमान की निरन्तर रक्षा किया है। गरीव परिवार को निःशुल्क राशन, शौचालय, बिजली, पानी, आवास, रोजगार एवं सड़कों का जाल सरकार ने पूरे प्रदेश में फैलाया है। सरकार कार्यकताओं के सम्मान के लिए समय समय पर अनुश्रवण कर त्वरित आवश्यक कार्यवाही भी कर रही है।

उद्घाटन कार्यक्रम को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयम्बक त्रिपाठी, सांसद प्रवीण पटेल, एमएलसी सुरेन्द्र चौधरी, जिला प्रभारी उत्तर मौर्य, जिला अध्यक्ष कविता पटेल, महापौर गणेश केसरवानी, अमरनाथ तिवारी, अश्विनी द्विवेदी, पूर्व सांसद केशरी देवी पटेल, उपचुनाव संयोजक अमरनाथ यादव, प्रभारी रमेश द्विवेदी, विधायक हर्ष वाजपेई, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य सहित आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम से पूर्व उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल ने केंद्रीय कार्यालय में आचार्य विमल कुमार शुक्ला के द्वारा वैदिक मंत्रोचार से विधि विधान पूर्वक अपने इष्ट देवों का पूजन, अर्चन कर विजय श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस मौके पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष अनिरुद्ध पटेल, जिला कोषाध्यक्ष आशीष केसरवानी, राम पलट पटेल, महामंत्री मनोज निषाद, जिला मिडिया प्रभारी बृजेश कुमार त्रिपाठी, आशीष भारतीया, लक्ष्मीकांत उपाध्याय, पूर्व जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर सिंह, प्रमुख विपेन्द्र सिंह पटेल, प्रमुख अरुणेंद्र यादव, मण्डल अध्यक्ष अनिल सरोज, जिला संयोजक नमामि गंगे राजधर द्विवेदी, चन्द्र भान सिंह, विजय लक्ष्मी चन्देल, सौम्या मिश्रा, ध्रुव निषाद, जय प्रकाश दूवे, पार्षद सुमित निषाद व सियाराम मौर्य, मंडल महामंत्री संजय व पवन शुक्ला, शनी सिंह, अमन सिंह राजपूत, मनीष कुमार तिवारी, अशोक कुमार मिश्रा एवं सुभाष शुक्ला, सुरेश तिवारी सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 30 घंटे बाद भी छात्रा का नहीं मिला शव

### शुक्रवार की सुबह जमुना नदी में स्नान के दौरान डूब गई थी छात्रा पूजा

**लालापुर।** क्षेत्र के यमुना नदी में गुरुवार की सुबह स्नान करने के दौरान छात्रा अमिलिया तरहार निवासी ओम प्रकाश त्रिपाठी पुत्री पूजा त्रिपाठी डूब गई डूबने के 30 घंटे बाद भी छात्रा का पता नहीं चल सका नायब तहसीलदार विजय कुमार ,हल्का लेकपाल मिथलेश,सीओ बारा संतलाल सरोज लालापुर यसो अमित मिश्रा की देखरेख में यसडीआरफ की दो सदस्य टीम दो वोट की मदद से दूसरे दिन भी जमुना नदी में तलाश के लिए लगे रहे अमिलिया तरहार यमुना नदी में मोटर नाव द्वारा यमुना नदी किनारे शव को ढूंढा जा रहा है लेकिन शनिवार शाम तक पूजा के शव का कोई पता नहीं चला है।

# खेलकूद से बच्चों का होता है शारीरिक व मानसिक विकास : गंगा प्रसाद मिश्र

### लक्ष्मी नारायण इंटर कालेज में आयोजित विकास खंड मेजा के परिषदीय स्कूलों के बच्चों का ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

**मेजा।** शनिवार को विकास खंड मेजा के परिषदीय स्कूलों के बच्चों का ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन लक्ष्मी नारायण इंटर कॉलेज मेजा में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर मालार्पण कर किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चो को सूदूर क्षेत्रो से आकर खेल में प्रतिभाग करना बड़ी बात है। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र ने आगे कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता से बच्चों का न सिर्फ मानसिक विकास होता है बल्कि उनका शारीरिक विकास भी होता है। श्री मिश्र ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी छात्रों की





सराहना करते हुए दीपावली और धनतेरस की शुभकामनाएं भी दिया। खेल प्रतियोगिता में जूनियर स्कूल के 400 मीटर दौड़ में बालक वर्ग से पिपराव जूनियर के रामकुमार बालिका वर्ग से गुनई स्कूल के रिया ने बाजी मारी। 200 मीटर दौड़ में नेवढ़िया के शनि बलिका वर्ग से उसकी जूनियर स्कूल की शशि ने जीत दर्ज की। खो खो में प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग से गौरा पॉसिया बालक वर्ग में नेवढ़िया कबड्डी में ढेरहन न्याय पंचायत की बालिका तथा आल ओवर चैंपियनशिप का खिताब पथरा जूनियर के बच्चों ने जीता। इन सभी बच्चो को पुरस्कृत करते हुए प्रतियोगिता के समापन सत्र में खंड शिक्षा अधिकारी मेजा कैलाश सिंह ने कहा जो बच्चे प्रतियोगिता में सफल हुए हैं उनको जिले में मेजा का नाम रोशन करने में लिए भेजा जाएगा और जिन्होंने अच्छा प्रयास किया है उनसे अपेक्षा है कि वह अगली बार और अच्छी मेहनत कर-के प्रथम स्थान हासिल करेंगे उन्होंने प्रतियोगिता में सम्मिलित प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान के बच्चों को भी पुरस्कार दिया। प्रतियोगिता का आयोजन विकासखंड के व्यायाम शिक्षक विवेकानंद पांडे की देखरेख में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के इस मौके पर कॉलेज के प्रधानाचार्य विमल कुमार श्रीवास्तव प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष मनीष कुमार तिवारी व बीटीसी शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अवनीश मिश्रा कमला शंकर यादव गोपाल कृष्ण यादव अखिलेश मिश्रा विकास पांडे अशोक तिवारी हसीब सिद्दीकी बीपी सिंह अंशुमान सिंह संतोष अहिरवार रंजन पांडे अनामिका पांडे संगीता सुषमा कुशवाहा गीता कुमारी कैलाश सिंह बृजेंद्र यादव,रोहित तिवारी अनिकेत जायसवाल श्यामलाल सोहनलाल कुशवाहा महेश चंद्र तिवारी, सुभाष मिश्रा,श्रीनारायण सूर्यबली वीरेंद्र सिंह,अखिलेश चौधरी,वीरेंद्र गौड़, अजब सिंह भूपेंद्र सिंह अनुराग पांडेय संदीप,सुनील तिवारी प्रवीण दुबे, सहित कई लोग रहे।

# समाधान दिवस पर नौ प्रार्थना आए, एक का निस्तारण कर औपचारिकता पूरी , छाया रहा जमीनी मुद्दा

अखंड भारत संदेश

**मांडा।** यमुनापार क्षेत्र अंतर्गत मांडा थाने का समाधान दिवस तहसील के राजस्व कर्मचारियों की लापरवाही और उपेक्षा ले डूबी। हर बार लेखपालों और राजस्व कर्मचारियों की कमी तो कहीं जमीन को कब्जा कराने में हल्का लेखपालो की मिली भगत के चलते मामलों का समाधान होने के बजाय टीम गठित कर रजिस्टर के हवाले कर दिया जाता है। आए राजस्व संबंधित नौ प्रार्थना पत्रों एक का निस्तारण कर औपचारिकता पूरी की गई । वही समाधान दिवस पर मौजूद रहे एसीपी मेजा रवि कुमार गुप्ता ने शोर गुल सुनकर पुलिस महकमे को फटकार लगाया और नाराजगी व्यक्ति की। महीने के अंतिम शनिवार को मांडा थाने पर आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता नायब तहसीलदार मांडा

### गहमा गहमी के बीच समाधान दिवस की औपचारिकता हुई पूरी, एसीपी मेजा ने पुलिस महकमे लगाई फटकार



अनुग्रह सिंह ने किया और फरियादियों के शिकायत पत्रों को गंभीरता पूर्वक लेते हुए हल्का लेखपाल व राजस्व निरीक्षक को मौके पर पहुंच कर निस्तारण करने का निर्देश दिया ' लेकिन ज्यादातर अधिकारी मांडा थाना समाधान दिवस की खानापूर्ति कर औपचारिकता पूरी कर घर व प्रयागराज को लौट जाते हैं । जहां कि एक ही फरियादी कई बार प्रार्थना पत्र देकर निस्तारण के लिए समाधान दिवसो का चक्कर लगाते लगाते मायूस होकर घर लौट जाते हैं। पूरे समाधान दिवस के समय तक गहमा गहमी मचा रहा। हल्का लेखपाल फरियादी के शिकायत पत्रों पर गोल मटोल आख्या रिपोर्ट लगाकर पल्ला झाड़ लेते हैं वही मामूली विवाद खूनी संघर्ष में बदल जाता हैं ' राजस्व मामले में यदि किसी फरियादी के पक्ष विपक्ष के बीच खूनी संघर्ष होने पर सबसे पहले हल्का लेखपालो पर कार्यवाही करने के लिए शीर्ष अधिकारियो से फरियादियों ने मांग की हैं। समाधान दिवस पर कुल नौ शिकायती पत्र आए जिसमे एक का निस्तारण कर औपचारिकता पूरी की गई। मौके पर मांडा इंस्पेक्टर शैलेन्द्र सिंह, डॉ. बाबू राम,माधव प्रसाद त्रिपाठी, विनय कुमार सिंह, एसएसआई चन्द्र पाल सिंह, शशि कुमार यादव, एस आई अमित नागर, रवि कुमार, रितेश कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### विकास खण्ड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न




**हंडिया।** विकास खण्ड स्तरीय धनूपुर का खेलकूद प्रतियोगिता आदर्श पूर्व माध्यमिक विद्यालय सरायपीथा में खण्ड शिक्षा अधिकारी धनूपुर शैलपति यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ प्रतियोगिता में विकास खंड के दस पंचायतो की विजेता टीमो ने प्रतिभाग किया। प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बालक एवं बालिकाओं के अलग अलग वर्गों में 100 मीटर दौड़ में उच्च प्राथमिक विद्यालय के अविनाश, बालिका वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय गोपालपुर की फरहान बनो एवं कबड्डी में न्याय पंचायत बीवीपुर खो खो में खुर्रमशाहपुर , एकांकी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय कांगापुर विजई रही। कार्यक्रम में मुख्तया संगठन के पदाधिकारी कमलेश त्रिपाठी,अफरोज अहमद,रघुवीर कुमार, जयप्रकाश रजक, रुद्र प्रभाकर, उमा शंकर,गंगाधर, एसपी मौर्य, बसंत लाल, अनिल कपूर शैलेन्द्र उपाध्याय, जय प्रकाश, गीता रंजन, नीति रैना सभी नोडल शिक्षक संकुल एवं सैकड़ो अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने प्रतिभा किया। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाओं को एवं व्यायाम शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा राष्ट्रगान के साथ खेलकूद कार्यक्रम संपन्न किया।

### जमुनापार कौंधियारा में नोडल शिक्षकों का प्रशिक्षण सम्पन्न



**करछना।** प्रयागराज जमुनापार में पीड़ी, बी. आर.सी. कौंधियारा में तीन दिन से चल रहा आउट आफ स्कूल बच्चों के विशेष प्रशिक्षण हेतु नोडल अध्यापकों का प्रशिक्षण खण्ड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार अवस्थी के नेतृत्व में संदर्भदाताओं एआरपी शत्रुघ्न प्रसाद शुक्ल, विनोद कुमार मल्ल, अनिल कुमार सिंह, अनुराग पाण्डेय और केआरपी विकास चन्द्र मौर्य द्वारा संपन्न कराया गया। प्रशिक्षण में आउट ऑफ स्कूल बच्चों को सरलतम तरीके से कैसे विद्यालय से जोड़ा जाए ? इस पर नोडल शिक्षकों से विचार विमर्श किया गया।प्रशिक्षण में भाषा, गणित, विज्ञान, अंग्रेजी एवं सामाजिक विषय को रोचक और सरल तरीके से पढ़ाने की विधा पर बात की गई। प्रशिक्षण में उमेश पाण्डेय, अयोध्या प्रसाद, महेश शुक्ल, हेमंत त्रिपाठी, शैलेन्द्र सिंह, शबनम, मनोज त्रिपाठी, विनोद सिंह फरहत परवीन आदि उपस्थित रहे।

### पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा चालान

**मऊआइमा।** न्यायालय की तारीख पर न जाने पर न्यायालय से जारी वारंट पर मऊआइमा थाने सब इंस्पेक्टर रामानुज सिंह तथा हेड कांस्टेबल सन्त सिंह ने ग्राम सराय रजवंत उर्फ घूरीपुर निवासी मुन्नी लाल पुत्र शीतलू को गिरफ्तार कर चालान भेज दिया।

# थाना समाधान दिवस : कोरांव में एसडीएम ने सुनी समस्याएं

## अधिकांश लेखपाल कानूनगो अनुपस्थित, फरियादी परेशान

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस कोरांव में बतौर मुख्य अतिथि प्रभारी अधिकारी आकांक्षा सिंह ने शनिवार को भरी आशा के साथ आए फरियादियों को न्यायोचित कार्यवाही के लिए संबंधित को गुणवत्ता पूर्वक समाधान के लिए आदेशित किया। थाना पर इंस्पेक्टर कोरांव नितेंद्र कुमार शुक्ल, एस एस आई राम संजीवन मौर्य,सेवा लाल, मनोज कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे। किंतु राजस्व विभाग के कानूनगो,लेखपाल बहुत कम दिखाई दिए। जिससे फरियादी उन्हें खोजते फिर रहे थे। ज्यादातर लेखपाल तो फोन भी नहीं उठाते। जिससे लोग जरूरत मंद परेशान दिखे।



ज्यादातर मामले राजस्व विभाग से ही संबंधित दिखे। किसी की नाप किए जाने के बाद सीमांकन उखाड़ लिए जाने,तो कोई मुकद्दमा न दर्ज होने,तो कोई आदेश के बावजूद पुलिस कर्मियों द्वारा निष्पक्ष कार्यवाही न किए जाने आदि शिकायतें मिली। किसी ने लड़खपाल कानूनगो द्वारा पट्टे की जमीन देने के नाम पर रकम लेने के बावजूद पट्टा न दे कर पैसा वापस लिए जाने के बाद तरह तरह की धमकियां दिए जाने की शिकायतें ले कर फरियादी पहुंचे।

### दर्द बयां करते फरियादी...







ग्राम महुली निवासी राम दयाल पाण्डे रिटायर्ड कानूनगो ने बताया कि पिछले साल से निरंतर थाना और तहसील दिवस का चक्कर लगा रहा हूं,किंतु चक्रोड के अतिचारी राजस्व,चकबंदी टीम पुलिस बल के उपस्थिति में सीमांकन होने के बावजूद विपक्षी गण सीमांकन पत्थर गडी उखाड़ लेते हैं और अवैध कब्जा कर लेते हैं। किंतु जिले के अधिकारियों के आदेश के बावजूद कोई समस्या निदान नहीं कर पा रहे और न ही लोक संपत्ति निवारण अधिनियम की कार्यवाही कर पा रहे। इसी तरह। श्रीमती सावित्री देवी पत्नी पुष्कर नाथ ग्राम विरहा कोरांव ने शिकायत किया कि मेरे परिवार के लोग हिस्सा नहीं दे रहे अवैध कब्जा किए हैं कई बार आवेदन दिया किंतु कोई सुनवाई नहीं हो रही। थाने तहसील का कई बार चक्कर लगाया। ग्राम देवघाट निवासी लालजी आदि ने शिकायत किया कि लेखपाल और कानूनगो ने मेरा और कई लोगों से पट्टे दिलाने के नाम पर दस दस हजार रुपए ऐंठ लिया है मांगने पर अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए तरह तरह की धमकियां देते हैं। न तो पट्टे मिले न ही पैसे वापिस दे रहे। विधिक कार्यवाही की मांग करते कराते अजीज आ गए किंतु कोई कार्यवाही राजस्व कर्मियों के विरुद्ध नहीं की जा रही। कई फरियादियों ने अब नए तेज तर्रार डीएम प्रयागराज के यहां माथा टेकने जाने की बात कही। देखना यह है कि नए डीएम की कार्यशैली के अनुरूप किस तरह की समस्याओं का निस्तारण होता है। या हवा हवाई ही रहेगा।

### वन विभाग के संविदा कर्मी की पिटाई, शिकायत

**लालापुर।** क्षेत्र के वन रेंज के गोल्हैया बीट में तैनात वन विभाग के संविदाकर्मी रामराज बीट की रखवाली कर रहा था। तभी गोल्हैया गांव के कुछ लोग लोगों से वनरेंज में पत्थर निकालने को लेकर मना करने पर विवाद हो गया जिससे ग्रामीणों ने संविदाकर्मी की पिटाई कर दी। संविदाकर्मी ने वन रेंज अधिकारी शंकरगढ़ को सूचना दिया तो वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचकर संविदाकर्मी से पूछताछ कर थाना लालापुर पुलिस को घटना की जानकारी दी ।संविदा कर्मी ने लालापुर पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की माँग किया है ।उधर ग्रामीण शिवम ने बताया की घर की पटाई के लिए मिट्टी लादने गए थे तो रामराज दारू पीकर पैसे माँग रहा था नहीं दिया तो गाली गलौज करने लगा मना करने पर टैक्ट्रर सीज कराने की धमकी देने लगा इसी को लेकर विवाद हुआ है। वन रेंज अधिकारी शंकरगढ़ को कई बार फोन कर संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

# पारिवारिक कलह से तंग विवाहिता ने लगाई आग, अस्पताल ले जाने से पहले तोड़ा दम

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** बहरिया थाना क्षेत्र के मीरकपुर गांव में एक युवती ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर मिट्टी का तेल छिड़क आग लगा ली। परिवार वालों ने दरवाजा तोड़कर आग बुझाई लेकिन तब तक वह गंभीर रूप से झुलस गई थी। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**कमरे में खुद को बंदकर लगाई आग :** बताया जा रहा है फूलपुर के बहरिया थाना के मीरकपुर निवासी अंजू ने कमरे के अंदर से कुंडी बंद कर मिट्टी का तेल अपने शरीर पर छिड़कर आग लगा ली। शोर सुनकर परिजन दौड़े तो अंजू के शरीर से आग की लपटे निकल रही थी। जब तक लोग दरवाजा तोड़कर कमरे में घुसकर आग को बुझाते तब तक अंजू झुलस चुकी थी। उसके परिजन हॉस्पिटल ले जाने की तैयारी कर रहे थे तभी अंजू ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सूचना पर पुलिस पहुंची और अंजू का शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मऊआइमा थाना के छाता लोकईपुर निवासी झिंगुरीराम ने बहरिया पुलिस को लिखित शिकायती पत्र में बताया कि उसकी बेटी अंजू की शादी दस साल पहले बहरिया के मीरकपुर निवासी दिनेश के साथ हुई थी। अंजू के शादी के बाद से ही दिनेश और उसके ससुर शराब की नशे में पीटते थे।

**पति और ससुर के ऊपर दर्ज हुई एफआईआर :** जिसके बाद कई बार पंचायत कर उन्हें समझाया था कि उसकी बेटी को प्रताड़ित न किया जाए लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उसकी बेटी ने कलह से तंग आकर आग लगाकर जान दे दी। अंजू के पिता के तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बहरिया थानाध्यक्ष महेश मिश्रा ने बताया की अंजू के पति और ससुर पर कड़ी धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

## जहरीला पदार्थ खाने से हुई थी मिथिलेश पटेल की मौत

### पीएम रिपोर्ट में मौत का कारण जहरीला पदार्थ खाना बताया गया

**उतरांव।** जनपद प्रयागराज उतरांव थाना क्षेत्र के महटीकर गाँव निवासी एक किसान का जवान बेटे की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया था।पीएम रिपोर्ट आने का बेसब्री से इंतजार था।पीएम रिपोर्ट में क्लू आने के बाद ही पुलिस आगे की कारवाई करती। थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने बताया कि पीएम रिपोर्ट में जहरीला पदार्थ खाने से मिथिलेश पटेल की मौत हुई है। आपको बताते चलें कि महटीकर गांव निवासी किसान लालचंद का सबसे बड़ा बेटा मिथलेश पटेल 24 वर्ष की गुरुवार की रात उसके खेत में सड़ी लाश बरामद हुई । मिथिलेश पटेल मंगलवार को बलरामपुर बाजार का बुढ़वा मंगल मेला देखकर घर आया और भोर से लापता हो गया था। मिथिलेश पटेल की शव को देख प्रथम द्दष्टया यह प्रतीत हो रहा था। बहर हाल उसकी मौत का राज पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलता। थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने बताया कि पीएम रिपोर्ट में जहरीला पदार्थ खाने से मिथिलेश पटेल की मौत हुई है। पुलिस फिलहाल हर पहलुओं से मामले की जांच में जुटी हुई है।

## नैनी अरैल सेल्फी पॉइंट के समीप गोबर के ढेर के साथ गंदगी का लगा अंबार



**नैनी।** नैनी अरैल सेल्फी पॉइंट के समीप श्री सच्चा अध्यात्म संस्कृत महाविद्यालय के सामने का नजारा पूर्ण रूप से खराब हो चुका है। जहां स्वच्छ भारत अभियान के तहत अधिकारी दावे करते हैं कि हमारा उत्तर प्रदेश साफ सुथरा है वहीं नैनी के अरैल एरिया में गंदगी और गोबर का ढेर लगा हुआ देखा जा सकता है, लेकिन वहां के अधिकारियों को इस बात से कोई लेना देना नहीं होता है। आपको बतादें कि महाकुंभ को लेकर जहां बीजेपी सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर मेले में रौनक डालने की सोच बनाए हुए है वहीं सरकार के ही कुछ भ्रष्ट लोग उनके कार्य में दीमक लगाने की सोच बना लिए हैं। यह आश्रम एक प्रचलित आश्रम है जहां दूर दूर से आने वाले वीआईपी श्रद्धालुओं के साथ साथ विदेशी श्रद्धालु लोग भी आते रहते हैं, लेकिन उस जगह का नजारा देख नाक बंद करके अपने मंजिल पर निकल जाते हैं। अब ऐसे में सवाल उठता है कि उत्तम उत्तर प्रदेश को इनके अधिकारी कैसे साफ सुथरा बनाएंगे और कब बनायेंगे यह एक गंभीर विषय है। स्थानीय लोगों की मानें तो वहां का गंदगी का आलम सदैव ऐसे ही बना रहता है। वहीं बरसात के मौसम में तो और भी बुरा हाल हो जाता है। गंदे पानी के साथ साथ गोबर के साथ पूरे जगह गोबर युक्त गंदा पानी जमा रहता है। जिससे मच्छरों के आतंक के साथ साथ तमाम तरह की बीमारियों का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों ने कई बार स्थानीय सभासद को अवगत भी करवाया लेकिन आज तक मामले में किसी तरह का समाधान नहीं हो सका। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर स्थानीय सभासद इस बार भी गंदगी को दूर नहीं करवाए तो हम महापौर के पास अपनी समस्या को अवगत करवाने के लिए जरूर जायेंगे।

# 17वीं अखिल भारतीय रेलवे सुरक्षा बल श्वान प्रतियोगिता का हुआ समापन समारोह

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** मंगलवार को प्रारम्भ हुयी 17 वीं अखिल भारतीय रेल सुरक्षा बल श्वान प्रतियोगिता का समापन समारोह शुक्रवार को रेल सुरक्षा बल क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, सूबेदारगंज, प्रयागराज के परिसर में मुख्य अतिथि जे एस लाकरा, अपर महाप्रबन्धक / उमरे व अमिय नन्दन सिन्हा, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, उमरे की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। रेलवे के अन्य विभागों के विभागाध्यक्ष और पुलिस, सीआईएसएफ, आईटीबीपी के अन्य अधिकारी भी प्रतिस्पर्धा और खेल कौशल की भावना का जश्न मनाने के लिए उपस्थित हुए। इस प्रतियोगिता में रेलवे की 15 क्षेत्रीय रेलों द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता तीन श्रेणियों में आयोजित की गयी 1. विस्फोटक, 2. ट्रैकिंग, 3. नारकोटिक्स। डॉग जैक, दक्षिण रेलवे ने विस्फोटक ट्रेड में प्रथम स्थान प्राप्त किया और प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ डॉग भी घोषित किया गया। डॉग रेम्बो, दक्षिण पश्चिम रेलवे ने नारकोटिक्स ट्रेड में तथा डॉग लारा, दक्षिण रेलवे ने ट्रैकर ट्रेड में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में श्वानों के प्रदर्शन के आधार पर पश्चिम रेलवे को सर्वश्रेष्ठ टीम की ट्रॉफी तथा पश्चिम मध्य रेलवे ने उपविजेता की ट्रॉफी अपर महाप्रबन्धक / उमरे द्वारा प्रदान की गयी। समापन समारोह के दौरान रेल सुरक्षा बल के श्वानों द्वारा शानदार डॉग शो का प्रदर्शन किया गया। डॉग शो के दौरान एक डॉग पाठशाला का भी आयोजन किया गया, जिसमें सेंट्रल रेलवे के डॉग सिम्बा द्वारा अपने हेण्डलर के ब्लैक बोर्ड पर लिखे गये नम्बरों की पहचॉन कर उसी प्रकार की प्रतिक्रिया दी गयी। साथ ही साथ अन्य श्वानों के द्वारा फायर रिंग से जम्प करना, मल्टीपिल हर्डल को पार करना एवं ओबिडियंस जैसे कई कारनामों का प्रदर्शन किया गया।

# धीमी गति से चल रहे कार्यों में तेजी लाएं : मंडलायुक्त

● महाकुंभ 2025 के द्दष्टिगत पीडीए एवं सिंचाई विभाग द्वारा कराये जा रहे विभिन्न कार्यों में से कई कार्यों का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 के द्दष्टिगत पीडीए एवं सिंचाई विभाग द्वारा कराये जा रहे विभिन्न कार्यों में से कई कार्यों का निरीक्षण आज मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने सभी संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया। उन्होंने सर्वप्रथम विकास प्राधिकरण द्वारा कराए जा रहे हनुमान मंदिर कॉरिडोर के कार्यों का निरीक्षण किया तथा इस हफ्ते अभी तक कितना कार्य पूर्ण कराया गया है उसकी जानकारी ली। कार्यों की प्रगति लक्ष्य के सापेक्ष धीमी पाए जाने पर उन्होंने लेबर बढ़ा कर उसे जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसी क्रम में उन्होंने दशाश्वमेध घाट पर 110 मीटर लम्बाई में पक्के घाट, दशाश्वमेध घाट से गंगा तिराहा दारागंज तक नागवासुकि एप्रोच रोड, अमिताभ बच्चन पुलिया से नागवासुकि संपर्क मार्ग तक कटाव निरोधक कार्य के साथ-साथ 3800 मीटर लम्बी इंटरलॉकिंग सड़क तथा रसूलाबाद घाट से गंगेश्वर मंदिर तक कटाव निरोधक कार्य के साथ-साथ 4000 मीटर लम्बी इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। कई स्थानों पर कार्यों की प्रगति धीमी पाए जाने पर उन्होंने डब्ल्यूएमएम एवं जीएसबी बिछाने के कार्यों में लेबर बढ़ा कर तेजी लाने के निर्देश दिए तथा सभी कार्यों में अपेक्षित गुणवत्ता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने गंगा नदी के तट पर गंगा की धारा को अविरल रखने के द्दष्टिगत कराए जा रहे ड्रेजिंग वर्क का भी निरीक्षण किया तथा थर्ड पार्टी के अधिकारियों को सभी कार्यों की प्रोफाइलिंग करते हुए उनके समक्ष एक आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## जिलाधिकारी ने सरस्वतीकूप के सौंदरीकरण एवं लेटे हनुमान जी कॉरिडोर का किया निरीक्षण



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी ने सरस्वती कूप के सौन्दर्यीकरण एवं लेटे हनुमान जी मंदिर के कॉरिडोर निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का लिया जायजा जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने शनिवार को महाकुम्भ-2025 के द्दष्टिगत कराये जा रहे सरस्वतीकूप के सौन्दर्यीकरण एवं लेटे हनुमान जी मंदिर के कॉरिडोर निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को समस्त कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय से पूरा कराये जाने के निर्देश दिए है।

# परिवार ही संस्कार की प्रथम पाठशाला : ओम पाल सिंह




**नैनी।** नैनी क्षेत्र के चाड़ी गांव में शनिवार को श्री सुमंगलम संस्था की ओर से आयोजित कार्यक्रम में संयुक्त परिवार के महत्व पर न सिर्फ प्रकाश डाला गया बल्कि बताया गया कि कैसे एकल परिवार के कारण सिर्फ पारिवारिक समस्याएं ही नहीं उत्तपन्न हो रहीं हैं, इससे परिवार संस्कारविहीन भी हो रहा है। इसका दुष्प्रभाव आने वाले वक्त में समाज और देश पर पड़ना तय है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के संयोजक कुटुंब प्रबोधन ओमपाल सिंह ने कहा कि माँ ही अपने बच्चे को संस्कारवान एवं गुणवान बनाती है और संस्कारों से युक्त बालक ही संस्कारवान समाज की नींव डालता है। परिवार ही समाज की पहली इकाई है, जिस परिवार में पति-पत्नी दोनों सरकारी या किसी प्राइवेट सेक्टर में नौकरी करते हैं निश्चित रूप से उनके घर के बच्चों की देखरेख, निगरानी, शिक्षा संस्कार के कार्यों में कुछ कमियां रह जाती हैं। ऐसे में माता को अपने बच्चों, जो देश के भविष्य साबित होते हैं, पर ही विशेष ख्याल रखना चाहिए। माताओं के बहनों संयोजन में ही परिवार कुटुंब सही ढंग से आगे चल पाता है। राम, कृष्ण, शिवाजी आदि ने अपनी माँ के दिए संस्कारों से न केवल देश को बल्कि पूरे राष्ट्र को गौरवान्वित किया। कहा कि कुटुंब का तात्पर्य हमारे पड़ोसियों से लेकर नात, रिश्तेदार, सगे संबंधियों तक से है। ऐसे में हमें केवल अपने कुटुंब का ही ख्याल नहीं रखना, हमें अपने केवल परिवार का ही ख्याल नहीं रखना है बल्कि सबको साथ लेकर चलना है। न्यायमूर्ति शेखर यादव ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा कि न्याय के क्षेत्र में भी ऐसी समस्याएं बहुत आयत हो गई है जो की विवाह के कुछ दिन बाद ही तलाक की स्थिति उत्पन्न हो रही है यह बड़ा चिंतनीय विषय है क्योंकि एकाकी परिवार ही दोषी है क्योंकि बच्चों में संस्कार करना जाना या पूरे समाज के लिए खतरनाक विषय है घर परिवार और समाज में शांति चाहते हैं तो निश्चित ही अपने अपने बच्चों को संस्कृत करना हम लोगों का भी कर्तव्य दायित्व है ' राज्यसभा सांसद साधना सिंह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी अशोक उपाध्याय, करछना विधायक पीयूष रंजन निषाद, कमिश्नर प्रयागराज विजय विश्वास पंत ने भी संबोधन किया। उक्त अवसर पर विजय प्रताप सिंह, डॉ बी बी अग्रवाल अरविंद जी लक्ष्मीकांत मिश्रा, सुजीत सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख राजकुमार यादव राजेश शर्मा शिवकुमार पाल समाजसेवी सुधीर शर्मा नागेंद्र सिंह समीर शंकर आशुतोष श्रीवास्तव मीडिया प्रभारी पवन श्रीवास्तव सहित अनेक लोगों उपस्थित रहे।

## मजदूरी कर बेटे को कराया बीटेक, सफलता मिलते ही बुझ गया घर का चिराग




**प्रयागराज।** मोती लाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान एमएनएनआईटी) के छात्र विकास कुमार का बीटेक फाइनल था। उसका नोएडा की एक कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर 28 लाख के पैकेज पर कैंपस सेलेक्शन हुआ था। जनवरी में ज्वाइनिंग होनी थी।शुक्रवार को पोस्टमार्टम के समय पिता अशोक अपने बड़े बेटे और कुछ रिश्तेदारों के साथ पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे थे। उनके दोनों तरफ कुर्सी पर बैठे रिश्तेदार भी अवाक थे। उन्होंने कहा कि परिवार से दूर रहकर वह मेहनत मजदूरी कर बेटे को पढ़ाया। बेटे ने भी खूब मेहनत की। वह पढ़ने में बहुत अच्छा था। उन्हें विश्वास था कि वह कुछ बड़ा करेगा और उनके घर की परिस्थिति बदल जाएगी। लेकिन, यह कहते हुए विकास के पिता का गला भर आया। वह कुछ नहीं बोल पाए। पिता ने बताया कि बेटे को 28 लाख रुपये का पैकेज मिला था। परिवार में खुशी का माहौल था। जनवरी में ज्वाइनिंग थी। गांव व रिश्तेदार के लोग बधाई दे रहे थे। 21 अक्तूबर को वह घर से परीक्षा देने की बात कहकर यहां आया था। कहा था, 27 अक्तूबर को फिर घर लौट आएगा।

**डाक विभाग में लगी थी नौकरी :** पिता ने बताया कि बीटेक प्रवेश परीक्षा की तैयारी के समय वह डाक विभाग में नौकरी के लिए परीक्षा दी थी। वहां पर उसका चयन हो गया। करीब 15 दिन वहां ड्यूटी भी की थी। इस बीच उसका दाखिला एमएनएनआईटी में हो गया। उसके बाद वह नौकरी को छोड़कर कर यहां पढ़ने के लिए आ गया।

## न्यूज झरोखा

### पुरस्कार वितरण के साथ जन सेवा समिति रामलीला संपन्न



**नैनी।** नैनी रामलीला कार्यक्रम के अंतिम दिन श्री रामलीला महासंघ के उपाध्यक्ष आर एल डी दुबे, रामलीला समिति के संयोजक हरिशंकर सिंह, अध्यक्ष रवि सिंह एवं महामंत्री विनय सिंह द्वारा दशहरा मेले में सहयोग करने वाली रोशनी कमेटी, चौकी कमेटी, साउंड कमेटी को पुरस्कृत किया गया। रोशनी कमेटी का प्रथम पुरस्कार नई बाजार रोशनी कमेटी, द्वितीय पुरस्कार रोशनी कमेटी आनंद नगर, तृतीय पुरस्कार श्री श्याम रोशनी कमेटी एवं सांत्वना पुरस्कार महाकाल रोशनी कमेटी को प्रदान किया गया। चौकी कमेटी का प्रथम पुरस्कार जय मां दुर्गा चौकी कमेटी संजय नगर को प्राप्त हुआ। साउंड कमेटी का प्रथम पुरस्कार मुनव्वर साउंड कंपनी और द्वितीय पुरस्कार रोज साउंड कंपनी को प्राप्त हुआ। रामलीला मंचन व्यवस्था में दिन रात सक्रिय रहने वाले विशाल श्रीवास्तव, अनुग्रह जायसवाल, बजरंगी लाल एवं पिंटू नेपाली को रामलीला समिति ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। मीडिया प्रभारी आरके शुक्ला ने रामलीला के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले यमुना पार के पत्रकार बंधुओ को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हरि शंकर सिंह, आर एल डी दुबे, विनय सिंह, रवि सिंह, मीडिया प्रभारी आर के शुक्ला, दिनेश सिंह, शशि सिंह, दयाशंकर तिवारी, सर्वेश सिंह, अजय सिंह, अनिल चौधरी, सनी केसरवानी, हरि बाबू सिंह, अनिल शर्मा, राधेश्याम केसरवानी, कमलेश मिश्रा, राम जीत सिंह, विशाल श्रीवास्तव, अनुग्रह जायसवाल, नवीन दीक्षित, बी बी दुबे, संजय चतुर्वेदी, पिंटू नेपाली आदि उपस्थित रहे।

### नैनी एडीए मोड़ से मेवालाल की बगिया तक लगा भीषण जाम



**नैनी।** नैनी एडीए मोड़ मिजार्पुर मार्ग पर शनिवार को वाहनों का लम्बा जाम लग गया। वही छिवकी स्टेशन रोड पर भी जाम लगा रहा। जिससे राहगीरों को तमाम तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। एडीए मोड़ से लेकर सरगम मोड़ तक भीषड़ जाम से लोग जूझते नजर आए। नैनी के एडीए मोड़ से लेकर मेवालाल कि बगिया चौराहा तक जाम लगने की वजह से वाहनो को निकलने में घंटों लग गए। नैनी में जाम का झाम आम बात हो गई है। स्थानीय दुकानदारो ने बताया कि जाम लगने की वजह से ग्राहक नही आते और वह वापस चले जाते है।

## वोटर कार्ड न होने की स्थिति में मतदाता आयोग द्वारा निर्धारित वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज के माध्यम से कर सकेंगे मतदान

**प्रयागराज।** जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने 256-फूलपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी मतदाताओं को सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार 256-फूलपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के उप निर्वाचन-2024 का मतदान 13 नवम्बर को पूर्वान्ह 7 से अपरान्ह 5 बजे तक सम्पन्न होगा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के द्वारा निर्देश दिये गये हैं कि सभी मतदाता जिन्हें वोटर कार्ड जारी किये गये हैं, वे मतदान केन्द्रों पर अपना मत डालने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने हेतु अपना वोटर कार्ड दिखाएं। ऐसे निर्वाचक जो अपना वोटर कार्ड नहीं दिखा पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगाः-

आधार कार्ड,मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों/ डाकघरों द्वारा निर्गत फोटोयुक्त पासबुक,श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत निर्गत स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड,ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा निर्गत स्मार्ट कार्ड,भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज,केन्द्र/ राज्य सरकार/ लोक उपक्रम/ पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों/ विधायकों/ विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिस्एबिलिटी आईडी (यूडीआईडी कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र।

### विद्यालय का ताला तोडकर मिड डे मील का सामान चोरी

**मऊआइमा।** बीती रात फिर चोरों ने विधालय का ताला तोड कर हजारों रूपया का मिड डे मील का सामान चोरी कर ले गए।जिसकी सूचना 112 नम्बर पर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी गई है। थाना क्षेत्र के ग्राम परमेजपुर में स्थित कम्पोजिट विद्यालय का बीती रात चोरों ने दरवाजा तोड कर मिड डे मील का सिलेंडर, बर्तन आदि लगभग हजारों रूपया का सामान चोर चोरी कर ले गए। शनिवार को ग्राम प्रधान रेखा सिंह व प्रधानाध्यापक रूद्रेश यादव ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है।

### घर में घुस कर मारा पीटा तोड - फोड व जान से मारने की दी धमकी

**मऊआइमा।** कतिपय लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुस कर मारे पीटे और तोड फोड़ किए और जान से मारने की धमकी दिए। पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम रामनगर गंसियारी निवासी बृजेश कुमार पुत्र अमृत लाल का आरोप है कि रंजिशन कतिपय लोगों ने उन्हें पहले गालियां दी फिर धमकी दी। बृजेश कुमार का आरोप है कि वह जब घर आ गया तो कतिपय लोगों ने घर में घुस कर उन्हें मारे पीटे और जान से मारने की धमकी देते हुए तोड फोड किए। बृजेश कुमार ने मऊआइमा थाने में नीरज कुमार,शिव प्रकाश, राहुल कुमार,अंशु के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# दो दिवसीय निःशुल्क मेडिकल चेकअप कैम्प का शुभारंभ

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** रोटरी प्रयागराज प्लैटिनम ने हरी मस्जिद के पास स्थित एप्पल बाईट डेंटल एंड कॉस्मेटिक क्लीनिक में दो दिवसीय निःशुल्क मेडिकल चेकअप कैम्प का आयोजन किया। रोटरी प्रयागराज प्लैटिनम के अध्यक्ष शशांक जैन ने बताया कि रोटेरियन डॉक्टर इमरान अहमद के सहयोग से यह चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में आमजन लाभान्वित हुए। मीडिया प्रभारी मनीष गर्ग ने बताया कि यह कैम्प 26 और 27 अक्टूबर 2024 को प्रतिदिन शाम 6 बजे तक चलेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, भारतीय क्रिकेट टीम के चर्चित खिलाड़ी मोहम्मद कैफ का स्वागत पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन पियूष रंजन अग्रवाल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। शिविर में प्रमुख रूप से डॉक्टर इमरान अहमद, डॉ उजमा तारीफ, डॉ अलीशा कायनात और डॉ मैसा रसूल ने मरीजों की जाँच की। डॉक्टर्स ने हेयर ट्रीटमेंट, लेजर एवं फेशियल कॉस्मेटिक तथा डेंटल चेकअप का निःशुल्क परामर्श और प्रशिक्षण दिया और निःशुल्क किट वितरित की गई जिसमें टूथपेस्ट एवं अन्य उपयोगी वस्तु थीं। पहले दिन इस कैम्प में लगभग 90 से अधिक लोगों का निःशुल्क चेकअप किया गया। इस अवसर पर रोटरी प्रयागराज प्लैटिनम के अन्य प्रमुख सदस्य जैसे डॉ नितिन शर्मा, जय कुमार, डॉ सुभाष यादव और सिविल लाइन्स व्यापार मंडल के महामंत्री शिव शंकर सिंह भी उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

## भ्रष्टाचार से कांग्रेस ने सबक नहीं सीखने की ठान ली!

**गौरतलब** है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर लोकायुक्त और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच की जा रही है। सिद्धारमैया और उनकी पत्नी बीएन पार्वती पर मैसूरु के विजयनगर क्षेत्र में 14 प्लॉट आवंटित किए गए प्लॉट को लेकर सवाल उठे थे। सिद्धारमैया की पत्नी ने प्लॉट लौटाने की पेशकश की थी।

कांग्रेस ने भ्रष्टाचार के कारण देशभर में हुई बदनामी से सत्ता गंवाने के बावजूद सबक नहीं सीखा है। कांग्रेस के केंद्र और ज्यादातर राज्यों से सत्ता बाहर होने का एक प्रमुख कारण भ्रष्टाचार रहा है। इसके बावजूद कांग्रेस के नेता भ्रष्टाचार से दामन नहीं छुड़ा पाएं हैं। कर्नाटक कांग्रेस की सरकार के जमीनों में बंदरबांट इसका नया उदाहरण है। इसके चलते मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मारी गौड़ा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उल्लेखनीय है कि उनका इस्तीफा ऐसे समय में आया है जब कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनकी पत्नी बीएन पार्वती और उनके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ चल रहे भूमि घोटाले की जांच राज्य और केंद्रीय एजेंसियों द्वारा की जा रही है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर लोकायुक्त और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच की जा रही है। सिद्धारमैया और उनकी पत्नी बीएन पार्वती पर मैसूरु के विजयनगर क्षेत्र में 14 प्लॉट आवंटित किए गए प्लॉट को लेकर सवाल उठे थे। सिद्धारमैया की पत्नी ने प्लॉट लौटाने की पेशकश की थी। जिसे वापस लेने पर प्राधिकरण ने सहमति जताई। मुख्यमंत्री के जमीन आंवटन में हेराफेरी की जांच के बीच मल्लिकार्जुन खडगे ने कर्नाटक द्वारा आवंटित जमीन लौटा दी। यह विवाद मार्च 2024 में शुरू हुआ, जब कर्नाटक कांग्रेस सरकार ने राहुल खडगे की अध्यक्षता वाले सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट को जमीन दी। विचाराधीन भूमि मल्लिकार्जुन खडगे के बेटे राहुल एम खडगे को कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड (केआईएडीबी) द्वारा बगलूर में हाई-टेक डिफेंस एंड एयरोस्पेस पार्क के हार्डवेयर क्षेत्र में आवंटित की गई थी। कांग्रेस का शायद ही ऐसा कोई वरिष्ठ नेता होगा जिस पर भ्रष्टाचार के आरोप और मामले दर्ज नहीं किए गए हैं। पार्टी में कनिष्ठ से लेकर शीर्ष तक के नेताओं के खिलाफ गंभीर मामले चल रहे हैं। यहां तक कि पार्टी चलाने वालीं पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी और उनके बेटे राहुल गांधी भी जमानत पर चल रहे हैं। भ्रष्टाचार के मामलों को देखें तो दिल्ली से लेकर हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से लेकर महाराष्ट्र तक के बड़े कांग्रेस नेता सीबीआई, इनकम टैक्स और ईडी जैसी एजेंसियों के निशाने पर हैं। हालांकि कांग्रेस अपने नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से इनकार करती रही है। पार्टी का कहना है कि बीजेपी की मोदी सरकार राजनीतिक बदले की भावना से कार्रवाई कर रही है। करोड़ों की एंबुलेंस खरीद में पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम के पुत्र कार्ति चिदम्बरम, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ए.ए खान, श्वेता मंगल, शफी माथेर और निदेशक एन आर एच एम के विरूद्ध 2013 तक एनआरएचएम के तहत एंबुलेंस खरीदने में हुई धांधली का मामला दर्ज किया गया था। एंबुलेंस खरीदने के लिए जो टेंडर जारी किया गया।

# संविधान बचाने की लड़ाई क्या जीत पाएंगे राहुल

– प्रो. रविकांत

**डॉ आंबेड**कर के बाद भारत की राजनीति में संघियों की मंशा को मान्यवर कांशीराम ने बखूबी समझा था। उन्होंने राजनीति की एक नई भाषा विकसित की। कांशीराम जी द्वारा स्थापित बसपा की राजनीतिक सफलता की कहानी तो कही जाती है लेकिन उन्होंने जो भाषा और संगठन की शैली विकसित की, उसका विस्तार से विश्लेषण और मूल्यांकन होना अभी बाकी है।

साल 2024 राजनीतिक दृष्टिकोण से अति महत्वपूर्ण है। इस साल 18वीं लोकसभा का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव नतीजों ने एक बात पर मजबूती से मुहर लगाई है कि संविधान बदलने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लोकसभा चुनाव से लेकर हरियाणा, जम्मू-कश्मीर और झारखंड, महाराष्ट्र में भी विपक्षी इंडिया गठबंधन और खासकर राहुल गांधी लगातार संविधान के मुद्दे पर मुखर हैं। राहुल गांधी संविधान पर अब एक नया विमर्श खड़ा कर रहे हैं। राहुल गांधी द्वारा संविधान सम्मान सम्मेलन की पिछली दो सभाओं के भाषणों पर गौर करें तो एक बात स्पष्ट नजर आती है कि संविधान में निहित ऐतिहासिक विरासत, पूर्व धारणाओं तथा मूल्यों पर वह जोर दे रहे हैं। कोल्हापुर,महाराष्ट्र (5 अक्टूबर ) की सभा में उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर संविधान की रक्षा की बात कहते हुए उसमें निहित मूल्यों और परिवर्तनवादी अतीत का जिक्र किया। ब्राह्मणवादी शक्तियों द्वारा किये गए छत्रपति शिवाजी महाराज के अपमान की याद दिलाते हुए राहुल गांधी ने कहा कि जिस विचार ने उनका राज्याभिषेक नहीं होने दिया, उसी विचार के लोग आज सत्ता में हैं। सत्ताधारियों ने नई संसद और राम मंदिर के उद्घाटन में आदिवासी राष्ट्रपति को नहीं बुलाकर उनका अपमान किया।

राहुल गांधी ने अपने भाषण में शाहूजी महाराज, ज्योतिबा फुले और डॉ. अंबेडकर को भी याद किया। समता, स्वतंत्रता और न्याय के संघर्ष में मराठी संत तुकाराम, बसवन्ना, गुरु नानक और सामाजिक क्रांतिधर्मी ज्योतिबा फुले और डॉ. अंबेडकर का चिंतन भारत के संविधान में निहित है। यही बात राहुल गांधी ने झारखंड की राजधानी रांची के संविधान सम्मान सम्मेलन (19 अक्टूबर) में दोहराई। पूछा जा सकता है कि राहुल गांधी बार-बार इन बातों को क्यों दोहरा रहे हैं?

13 दिसम्बर 1946 को देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा प्रस्तुत उद्देश्य प्रस्ताव से शुरू हुआ संविधान निर्माण 25 नवंबर 1949 को पूरा हुआ। अगले दिन 26 नवम्बर को संविधान भारत के लोगों को आत्मार्पित (पारित) किया गया। स्वाधीनता आंदोलन के दौरान 26 जनवरी 1930 को पूर्ण स्वराज की आधिकारिक घोषणा को लागू करते हुए पहला स्वाधीनता दिवस मनाया गया था। इस तारीख को यादगार बनाने के लिए संविधान को 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। लेकिन राहुल गांधी संविधान निर्माण की तीन साल की काल अवधि को भारत की विशाल परंपरा से जोड़ रहे हैं। रांची में उन्होंने भगवान बुद्ध को याद करते हुए उनके मूल्यों को संविधान से संबद्ध किया। आखिर क्या कारण है कि राहुल गांधी संविधान की यात्रा को तथागत बुद्ध तक लेकर जा रहे हैं? आमतौर पर संविधान को 1857 से लेकर 1947 के बीच 90 साल तक चले स्वाधीनता आंदोलन और विचार-चिंतन का परिणाम माना जाता है।

कांग्रेस के विभिन्न अधिवेशनों में पारित प्रस्ताव और अंग्रेजी सरकार द्वारा लागू गए नियम तथा अनेक देशों के महत्वपूर्ण प्रावधानों को संविधान में शामिल किया गया। गौरतलब है कि संविधान पारित होने के तीन दिन बाद ही (30 नवम्बर, 1949) आरएसएस ने संविधान पर हमला बोलते हुए अपने मुखपत्र 'आगेर्नाइजरइ में लिखा था कि 'भारतीय संविधान औपनिवेशिक दासता का प्रतीक है। इस पर विदेशी प्रभाव है।इ आरएसएस के अनुसार संविधान में 'कुछ भी भारतीय नहीं है क्योंकि इसमें मनु की संहिताएं नहीं हैं।इ



आरएसएस को मनुस्मृति के आधार पर संविधान चाहिए था। इसलिए संघ ने बाबासाहब अम्बेडकर द्वारा लिखे गए संविधान को मानने से इनकार कर दिया। लंबे समय तक संघ संविधान का खुलकर विरोध करता रहा। लेकिन 1990 के दशक में उसने चुप्पी ओढ़ ली। फिर इसी संविधान के बल पर उसकी राजनीतिक शाखा भाजपा केंद्र की सत्ता में दाखिल हुई। दस साल से केंद्र में स्थापित होने के बाद 2024 के लोकसभा चुनाव के समय अधिकतर संघी पृष्ठभूमि वाले भाजपा के दर्जनों नेताओं ने संविधान बदलने के लिए 400 सीटें जीतने का ऐलान किया। हालांकि चुनाव में भाजपा के मनसूबे पूरे नहीं हुए। लेकिन यह खतरा अभी टला नहीं है। आरएसएस का अंतिम लक्ष्य डॉ.अंबेडकर के संविधान को हटाकर मनुवादी संविधान लागू करके भारत को हिंदू राष्ट्र बनाना है।

धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद जैसे आधुनिक विचारों को संघ ही नहीं भाजपा के नेता भी विदेशी मानते हैं। भारतीयता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का नारा देने वाला संघ संविधान को गैर-भारतीय घोषित करना चाहता है। राहुल गांधी अपने भाषणों के जरिए लगातार एक विचार को मजबूत कर रहे हैं कि संविधान में निहित मूल्य भारतीय हैं। हमारा संविधान स्वतंत्रता, समानता और सम्मान की एक पूरी धारा का प्रतिनिधित्व करता है।

गौरतलब है कि डॉ अंबेडकर ने अपनी चर्चित किताब 'क्रांति प्रति-क्रांतिइ में बुद्ध की परंपरा को क्रांतिधर्मी परंपरा कहा है। उनका मानना है कि वैदिक और हिंदुत्व की वर्णवादी व्यवस्था ने शूद्रों और अछूतों को समाज से बहिष्कृत किया। हिंदुत्व के विचार और व्यवस्था में सदियों तक शूद्रों और दलितों का दमन और शोषण किया जाता रहा। स्वयं डॉ अंबेडकर ने प्रारूप समिति के अध्यक्ष के तौर पर क्रांतिधर्मी और परिवर्तनवादी आधुनिक मूल्यों को संविधान में समाहित किया। राहुल गांधी ने रांची में बहुत मुखरता से संविधान के सामने संघ की मंशा मनुस्मृति का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष सिर्फ तात्कालिक नहीं है बल्कि सदियों पुरानी लड़ाई है। मनुस्मृति के जरिए जो अमानवीयता और अन्याय की व्यवस्था खड़ी की गई थी, आज सत्ताधारी उसी व्यवस्था को देश के पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों और महिलाओं पर लादने की कोशिश कर रहे हैं। इस मानसिकता के नए शिकार अल्पसंख्यक हैं। मुसलमानों और ईसाइयों को दोयम दर्जे का नागरिक बनाना इसी व्यवस्था का हिस्सा है। राहुल गांधी ने इस बात को समझ लिया है कि केवल चुनावी राजनीति के जरिए इस लड़ाई को नहीं जीता जा सकता है। नरेंद्र मोदी के दस साल के शासन में खुलकर मनुस्मृति का महिमामंडन किया गया। कतिपय नेताओं और राजनीतिक महत्वाकांक्षी बाबाओं ने मनुस्मृति को लागू करने की मांग की।

डॉ आंबेडकर के बाद भारत की राजनीति में संघियों की मंशा को मान्यवर कांशीराम ने बखूबी समझा था। उन्होंने राजनीति की एक नई भाषा विकसित की। कांशीराम जी द्वारा स्थापित बसपा की राजनीतिक सफलता की कहानी तो कही जाती है लेकिन उन्होंने जो भाषा और संगठन की शैली विकसित की, उसका विस्तार से विश्लेषण और मूल्यांकन होना अभी बाकी है। बाबासाहेब ने जातिगत शोषणकारी व्यवस्था को ब्राह्मणवाद कहा था। मान्यवर कांशीराम ने इसे मनुवाद की संज्ञा दी । अंबेडकर ने ब्राह्मणवादी व्यवस्था के लिए अंततः तमाम हिंदू धर्मशास्त्रों को उत्तरदायी ठहराया। लेकिन सर्वाधिक खतरनाक मनुस्मृति की 25 दिसंबर 1927 को होली जलाई। मान्यवर कांशीराम ने मनुस्मृति पर आधारित ब्राह्मणवाद को मनुवाद कहा। उनका पूरा आंदोलन और संघर्ष इस मनुवादी व्यवस्था को मिटाने के लिए था। लेकिन उनके दिवंगत होने के बाद इस राजनीतिक आंदोलन को ब्रेक लग गया। इसके बाद प्रतिक्रियावादी और मनुवादी आरएसएस भाजपा के जरिए सत्ता के केंद्र तक पहुंच गया। आज मनुवादी व्यवस्था को पुनर्स्थापित करने के लिए संघ बेचैन है। चुनावी लोकतंत्र में सीधे तौर पर संघ इस व्यवस्था को थोपने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है। इसलिए उसका मकसद पहले संविधान को हटाकर लोकतंत्र को बेमानी बना देना और उसके बाद हिन्दू राष्ट्र की स्थापना करना है।

हिन्दू राष्ट्र के मायने क्या है? स्त्रियों, दलितों और वंचितों को ब्राह्मणवादी व्यवस्था में विवेकहीन और असहाय गुलाम बनाना। इसलिए आज की सबसे बड़ी लड़ाई संविधान को बचाने की लड़ाई बन गई है। संविधान के प्रति सम्मान ही नहीं बल्कि उसकी सुरक्षा करना असली दायित्व है। महत्वपूर्ण यह है कि राहुल गांधी ने इस खतरे को भांपकर अपनी पूरी राजनीति को संविधान पर केंद्रित कर दिया है। राहुल गांधी ने डॉ अम्बेडकर से लेकर भगवान बुद्ध की विरासत का जिक्र करके यह बता दिया है कि उनकी नजर में भारतीयता और भारतीय परंपरा क्या है।

# उच्च मुद्रास्फीति के बीच मंदी का साया

– डॉ.अजीत रानाडे

**अगस्त में व**स्तुओं का निर्यात घटकर 34 अरब 70 करोड़ डॉलर रह गया जिसके कारण व्यापार घाटा बढ़ गया। डॉलर के मुकाबले रुपया भी 84 से नीचे आ गया है जिससे घाटे और मुद्रास्फीति को लेकर चिंता पैदा हो गई है। सितंबर में परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स आठ महीने के निचले स्तर 56.5 पर था जबकि यह अगस्त में 57.5 था। भविष्य के नजरिये से यह कारखाने प्रबंधकों की तेजी का एक संकेतक है।

सरकार और अन्य स्रोतों से हाल ही में कई डेटा पॉइंट सामने आए हैं जो अर्थव्यवस्था के धीमे होने यानी मंदी की ओर इशारा कर रहे हैं। यह तो आने वाला समय ही बताएगा कि यह चक्रीय (साइक्लिकल) मंदी है या नहीं। क्या यह एक पैटर्न है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था मंदी के साथ जुड़ा है, तो हमें इसे जांचना होगा : और अगर यह चक्रीय यानी अस्थायी है तो छह महीने बाद अर्थव्यवस्था में उठाव होना चाहिए। फिर भी त्योहारी सीजन के दौरान अर्थव्यवस्था का धीमा पड़ना, भले ही चक्रीय रूप से हो, चिंता की बात है। कैलेंडर वर्ष की अंतिम तिमाही में त्योहारी उत्साह और उपभोक्ता खर्च के कारण आमतौर पर उपभोक्ता उत्साह और आशावाद से अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलता है लेकिन ऐसा लगता है कि इस समय यह गायब है।

सबसे पहले डेटा बिंदु पर विचार करें! ये औद्योगिक उत्पादन, निर्यात, कर संग्रह विशेष रूप से माल और सेवा कर (जीएसटी) से होते हैं। ये सभी आंकड़े सरकार के हैं। फिर भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़े और आकलन हैं। रिजर्व बैंक ने हाल ही में अपनी मौद्रिक नीति बैठक में ब्याज दरों में कटौती न करने का फैसला किया। आरबीआई आर्थिक मत जानने के लिए सर्वेक्षण आयोजित करता है और हर तिमाही इसकी रिपोर्ट देता है। यह सर्वेक्षण अर्थव्यवस्था के भविष्य के प्रक्षेपवक्र का संकेत देता है। अंत में निजी स्रोतों से डेटा है, जैसे कि खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) या कंपनियों के तिमाही परिणाम जो उनकी आय, लाभ और विकास की रिपोर्ट देते हैं।

अगस्त में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) नीचे चला गया। विकास दर लगातार तीन महीने से नीचे जा रही थी। अगस्त की संख्या (नकारात्मक 0.1) लगभग दो वर्षों में सबसे कम है। यद्यपि आईआईपी को अस्थिर माना जाता है और यह कार्योत्तर परिवर्तनों और समायोजनों के अधीन है लेकिन इसकी प्रवृत्ति विशेष रूप से औद्योगिक उत्पादन में स्पष्ट रूप से मंदी दिखा रही है। बेमौसम बारिश से खनन गतिविधियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है लेकिन औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र में मंदी पर ध्यान दिया जाना चाहिए। त्योहारी मौसम में औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र की वृद्धि को बढ़ावा देने वाले प्रमुख उद्योगों में से एक वाहन की बिक्री में सितंबर में 19 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसी से संबंधित मामला सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के तमिलनाडु कारखाने में दो महीने की हड़ताल है। यह कारखाना भारत में सैमसंग के बिक्री राजस्व का लगभग 20,000 करोड़ रुपये का योगदान देता है और भारत में विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है।



सितंबर में ही भारत में स्वीडिश वोल्वो ग्रुप के प्रबंध निदेशक ने भी आगाह किया था कि देश के औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र में टिकाऊ तथा उच्च जीडीपी विकास को चलाने के लिए पर्याप्त रूप से सुधार करना होगा। औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र का हिस्सा सकल घरेलू उत्पाद के लगभग 16 प्रश पर अटका हुआ है एवं 'मेक इन इंडियाइ जैसी मजबूत पहल के बावजूद बहुत अधिक नहीं बढ़ा है।

विदेशी कंपनियों को चीन से दूर स्थानांतरित करने या कम से कम कई पश्चिमी कंपनियों के लिए चीन से दूर विविधीकरण करने के लिए भारत उन्हें आकर्षित करने वाला था लेकिन यह अभी तक बड़े पैमाने पर नहीं हुआ है। सेमीकंडक्टर कॉम्प्लेक्स स्थापित करने की बड़ी योजनाएं, साथ ही ग्रीन हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए पहल के मामले में भारत की महत्वाकांक्षा बहुत बड़ी है लेकिन जमीनी स्तर पर वास्तविक प्रगति से बहुत कम हैं। औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र के विकास के लिए जो एक अन्य पहलू महत्वपूर्ण है, वह है कौशल की कमी।

इस साल के आरंभ में ताइवान के विदेश मंत्री ने चेतावनी दी थी कि अगर भारत चिप बनाने और सेमीकंडक्टर निर्माण में निवेश आकर्षित करना चाहता है तो वह कुशल इंजीनियरों की कमी को दूर करे। ताइवान इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में भारत की मदद करने का इच्छुक है लेकिन वह चाहता है कि भारत बुनियादी ढांचे और उच्च आयात शुल्क जैसी अन्य बाधाओं को दूर करे। विडंबना यह है कि भारत में विनिर्माण के लिए आवश्यक कौशल की कमी है। 25 से 30 आयु वर्ग के लगभग 30 प्रतिशत कॉलेज स्नातक बेरोजगार हैं। इसका मतलब यह है कि महाविद्यालयीन शिक्षा उन्हें उद्योग के लिए तैयार या रोजगार योग्य नहीं बना रही है। यह शिक्षा पाठ्यक्रम की स्थिति और युवाओं को काम के लिए तैयार करने में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर एक गंभीर टिप्पणी है। आवश्यक कौशल की इस कमी को ऑटो, ऑटो एंसिलरी, कपड़ा और खनन सहित विभिन्न क्षेत्रों में महसूस किया जाता है।

अगस्त में वस्तुओं का निर्यात घटकर 34 अरब 70 करोड़ डॉलर रह गया जिसके कारण व्यापार घाटा बढ़ गया। डॉलर के मुकाबले रुपया भी 84 से नीचे आ गया है जिससे घाटे और मुद्रास्फीति को लेकर चिंता पैदा हो गई है। सितंबर में परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स आठ महीने के निचले स्तर 56.5 पर था जबकि यह अगस्त में 57.5 था। भविष्य के नजरिये से यह कारखाने प्रबंधकों की तेजी का एक संकेतक है।

जीएसटी में संग्रह की प्रवृत्ति भी धीमी अर्थव्यवस्था की ओर इशारा करती है। सितंबर में जीएसटी संग्रह 1.73 लाख करोड़ रहा जो अगस्त के 1.75 लाख करोड़ की तुलना में कम है। सितंबर का कलेक्शन पिछले साल की तुलना में मुश्किल से 6.5 फीसदी ज्यादा रहा। शुद्ध रिफंड संग्रह सितंबर में 1.53 लाख करोड़ रहा जो एक साल पहले की तुलना में सिर्फ 3.9 प्रति सैकड़ा ज्यादा है। चूंकि जीएसटी एक लेन-देन कर है इसलिए यह नाममात्र जीडीपी की वृद्धि के साथ तालमेल रखता है जो मुद्रास्फीति और मात्रा वृद्धि के कारण लगभग 10 फीसदी या उससे अधिक बढ़ रहा है। अगर जीएसटी नॉमिनल जीडीपी की तुलना में धीमी गति से बढ़ रहा है तो निश्चित रूप से यह चिंता का संकेत है। इस चिंता को बढ़ाने वाली खबर यह है कि जीएसटी परिषद जीएसटी दरों में बढ़ोतरी पर विचार कर सकती है ताकि यदि मुआवजा उपकर (कंपन्शेसन सेस) को हटा दिया जाए तो उससे उत्पन्न होने वाली कमी को पूरा किया जा सके। इन सभी वर्षों में यह उपकर राज्य सरकारों को भुगतान करने के लिए लगाया गया है ताकि राज्यों को बिक्री कर लगाने के अधिकार के आत्मसमर्पण के कारण उनके अनुमानित नुकसान की भरपाई की जा सके। इस प्रकार विभिन्न तिमाहियों से प्राप्त संकेतक अर्थव्यवस्था के धीमे होने के हैं। यहां तक कि औद्योगिक क्षेत्र में रोजगार भी कार्यबल के 12 से 11 फीसदी तक नीचे चला गया जबकि कृषि क्षेत्र में रोजगार 2018-19 में 43 प्रश से बढ़कर अब 46 फीसदी हो गया है यानी 6.8 करोड़ श्रमिकों की वृद्धि हुई है। लेकिन कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों में वापस जाने वाले श्रमिकों का मतलब है कि वे औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र तथा सेवाओं की तुलना में कम मजदूरी एवं कम उत्पादकता वाली नौकरियों में जा रहे हैं। इसका अर्थ कम क्रय शक्ति और इसलिए कम उपभोक्ता खर्च हो सकता है। हमें उपभोक्ता खर्च के साथ-साथ घरेलू आय में वृद्धि के लिए औद्योगिक उत्पादन क्षेत्र में रोजगार में तेजी से वृद्धि करने की आवश्यकता है।

यह अभी भी सच है कि चीन सहित अधिकांश अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। लेकिन ध्यान रखने वाली बात यह है कि संयुक्त राज्य अमेरिका 3 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है जो भारत के 30 प्रतिशत की दर से बढ़ने के समान है क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका भारत से दस गुना बड़ा है और संयुक्त राज्य अमेरिका अभी तक मंदी का सामना नहीं कर रहा है। इसलिए, भारत की मंदी के लिए वैश्विक घटना के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। इसके अलावा हमें यूक्रेन एवं मध्य पूर्व में युद्धों के प्रभाव तथा तेल की बढ़ती कीमतों व मुद्रास्फीति के बारे में भी चिंता करने की आवश्यकता है। यहां तक कि आरबीआई ने जिसे आर्थिक विकास को गति देने के लिए ब्याज दरों में कमी करनी चाहिए थी, उसने भी मुद्रास्फीति की चिंता के कारण ब्याज दरें नहीं घटाईं। अगले छह महीने अर्थव्यवस्था के लिए चुनौतीपूर्ण दिखते हैं क्योंकि ये धीमी अर्थव्यवस्था और अभी भी उच्च मुद्रास्फीति की दोहरी चुनौतियों के बीच मार्ग दर्शन करने वाले हैं।

# आदिवासियों की देसी बीजों की खेती



– बाबा मायाराम

**प्रेरक** संस्था ने यहां देसी बीजों के संरक्षण व संवर्धन के लिए विशेष प्रयास किए हैं। संस्था के भिलाई स्थित वसुंधरा केन्द्र में 350 देसी धान की किस्मों का संग्रह है। जिसमें 27 किस्में लाल चावल की, 6 किस्में काले चावल की, 1 किस्म हरे चावल की है। इसके अलावा, इन किस्मों में कम पानी में पकने वाली, ज्यादा पानी में पकनेवाली, लंबी अवधि की माई धान, कम अवधि की हरूना धान इत्यादि शामिल हैं।

खेती-किसानी के संकट की काफी चर्चा होती है, पर इसके विकल्प के तौर पर जो कुछ छोटे व सार्थक प्रयास हो रहे हैं, उनकी चर्चा कम होती है। रचनात्मक खेती के देश भर में कई छोटे-छोटे प्रयास हो रहे हैं, उन पर भी हमें दृष्टि डालने की जरूरत है। इसी तरह का एक प्रयोग छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में हो रहा है। इस प्रयोग को देखने-समझने में कई बार गया हूं, वहां के प्रयोग के बारे में विस्तार से चर्चा करना उचित रहेगा, जिससे खेती को समग्रता में समझा जा सके।

राजिम स्थित प्रेरक संस्था ने देसी बीजों की जैविक खेती का काम छत्तीसगढ़ के 7-8 जिलों में किया है। जिसमें धमतरी, महासमुंद, कोंडागांव, बस्तर, कबीरधाम, राजनांदगांव, जांजगीर-चापा, बिलासपुर और कोरबा शामिल है। इनमें से मैंने अधिकांश जिलों में दौरा कर किसानों से बात की है, उनकी खेती देखी है, उनके बीज बैंक देखे हैं।

गरियाबंद इलाके में मैंने कुछ समय पहले दौरा किया था। यहां मुझे प्रेरक संस्था के रामगुलाम सिन्हा ले गए थे। भिलाई गांव में हमने उनके वसुंधरा केन्द्र को देखा, जहां देसी बीजों का संरक्षण व संवर्धन किया जाता है। उनके गुणधर्मों को पहचाना जाता है। किसान कार्यकर्ता कोमलराम साहू ने मुझे कई गांवों में घुमाया। यहां मुख्य रूप से साल व सागौन का जंगल है। पैरी नदी पर सीकासेर बांध है। यहां घना जंगल और पहाड़ हैं। पैरी नदी और सोढूर नदी यहां की पहचान है। जिले के राजिम में महानदी, पैरी और सोढूर नदी पर पवित्र संगम है, जो एक तीर्थस्थल भी है। यहां प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक मेला लगता है जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण आते हैं।

संस्था के कार्यकर्ता कोमलराम साहू बताते हैं कि कुछ वर्ष पूर्व छत्तीसगढ़ के मैदानी क्षेत्र में जब संकर ( हाईब्रीड) बीजों की धान फसल में बड़े पैमाने पर रोग लगा था, फसल बर्बाद हो गई थी। इसलिए कई किसान उनसे देसी धान की जैविक खेती के बारे में जानने के लिए पास आए। वे उनके गरियाबंद स्थित संस्था के वसुंधरा फार्म में जैव कीटनाशक तैयार करते हैं। जैव कीटनाशक बनाने के लिए ऐसे पौधों की पत्तियां चुनते हैं, जिन्हें मवेशी नहीं खाते। जैसे सीताफल, बेसरम, नीम, करंज फुडहर इत्यादि। इन पौधों के पत्तों से जैव कीटनाशक बनता है। इन कीटनाशक बनाने का प्रशिक्षण वे अन्य किसानों को भी देते हैं। प्रेरक संस्था ने इस विकासखंड के ग्राम हरदी में बीज बैंक भी बनाया है, जहां से किसान देसी बीज ले जाते हैं।

प्रेरक संस्था ने यहां देसी बीजों के संरक्षण व संवर्धन के लिए विशेष प्रयास किए हैं। संस्था के भिलाई स्थित वसुंधरा केन्द्र में 350 देसी धान की किस्मों का संग्रह है। जिसमें 27 किस्में लाल चावल की, 6 किस्में काले चावल की, 1 किस्म हरे चावल की है। इसके अलावा, इन किस्मों में कम पानी में पकने वाली, ज्यादा पानी में पकनेवाली, लंबी अवधि की माई धान, कम अवधि की हरूना धान इत्यादि शामिल हैं। इन किस्मों में जवाफूल, विष्णुभोग, बादशाह भोग, सोनामासुरी, पोरासटका, साठिया, लायचा, डाबर, दूबराज, मासुरी इत्यादि है। इनमें कई किस्मों में औषधि गुण भी हैं। सुगंधित किस्में भी हैं।

यहां बताना उचित होगा कि विश्वप्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक आर.एच. रिछारिया ने अविभाजित मध्यप्रदेश ( जिसमें छत्तीसगढ़ भी शामिल था) से धान की 17 हजार देसी किसानों को एकत्र किया था जिसमें अधिक उत्पादकता देने वाली, सुगंधित व अन्य तरह से स्वादिष्ट किस्में शामिल थीं। डा. रिछारिया चावल की किस्मों के विशेषज्ञ थे। वे मानते थे देसी किस्मों को ही देश में धान की खेती की प्रगति का आधार बनाना चाहिए। उन्होंने पता लगाया था कि धान की किस्मों की विविधता का बहुत अमूल्य भंडार है। धान की विविधता जरूरी है क्योंकि विभिन्न परिस्थितियों के अनुकूल किस्मों को चुनकर उगाया जा सके। उनकी यह सोच आज जलवायु बदलाव के दौर में बहुत ही उपयोगी है। इससे बदलते मौसम के अनुकूल मिट्टी-पानी के हिसाब से खेती में देसी किस्मों का चुनाव कर खेती की जा सकती है। किसान मौसम के अनुकूल खेती पद्धति में भी बदलाव कर सकते हैं।

प्रेरक की एक कार्यकर्ता हैं ताराबाई। वे कनसिंगी गांव की रहनेवाली हैं, जो गरियाबंद से करीब 50 किलोमीटर दूर जंगल के अंदर बसा है। वे देसी बीजों की खेती को बढ़ावा देने का काम 15 गांवों में करती हैं। ताराबाई ने महिला किसानों को जैविक खेती की ओर मोड़ा है। वे कहती हैं उनकी पहल से कई महिला किसान बीज उत्पादक हैं और वे जैव कीटनाशक भी तैयार करती हैं। तनाछेदक, बंकी, ब्लास्ट कीट को मारने में यह दवा काम आती है।

ताराबाई बताती हैं कि देसी बीज मिट्टी पानी और हवा के लिए अनुकूल होता है। उसमें प्रतिकूल मौसम को सहने की क्षमता होती है। अगर हवा आंधी से देसी धान का पौधा नीचे गिर भी जाता है तो वह बाली को ऊपर कर अपने को बचा लेता है। यानी सड़ता नहीं है, जबकि संकर (हाईब्रीड) धान में यह गुण नहीं होता है। देसी धान स्वादिष्ट, मुलायम और पाचक होता है।

प्रेरक संस्था के प्रमुख रामगुलाम सिन्हा बताते हैं कि हमारा उद्देश्य आदिवासियों के जीवन को बेहतर करना है। इस तरह के प्रयास छत्तीसगढ़ के आदिवासी अंचलों में किए जा रहे हैं। इनमें से एक गरियाबंद जिला भी है।

# परिक्रमा मार्ग समेत पूरे मेला क्षेत्र का डीएम ने किया भ्रमण, कमियां बाबत अधिकारियों को दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दीपावली मेला की व्यवस्थाओं को देखते हुए डीएम शिवशरणप्पा जीएन ने परिक्रमा मार्ग समेत पूरे मेला क्षेत्र का भ्रमण कर जायजा लिया।

शनिवार को डीएम ने परिक्रमा मार्ग भ्रमण दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिये कि अच्छे से सफाई करायें। जहां जगह है, वहां डस्टबिन रखवायें। कंट्रोल रूम की रंगाई-पुताई तत्काल पूरी करायें। चैपड़ा तालाब के सामने जो जमीन खाली है, उसकी सफाई करायें। परिक्रमा मार्ग पर जहां ढलान है, वहां कारपेट की व्यवस्था करें, ताकि तीर्थ यात्रियों को कोई असुविधा न हो। परिक्रमा मार्ग पर जो बॉर्डर का गेट है, वहां साइन बोर्ड पर उत्तर प्रदेश आपका स्वागत करता है, ये लिखायें। परिक्रमा मार्ग पर लगी अस्थाई दुकानें तत्काल हटायें। डीएम ने अधिशासी अभियंता विद्युत से कहा कि जो जर्जर खम्भे व विद्युत बॉक्स खुले हैं, तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिये। डीएम ने यूपीपीसीएल के अधिकारियों को निर्देश दिये कि परिक्रमा मार्ग में जहां पर पत्थर टूट गए हैं, उनको बदलवायें। परिक्रमा की दीवारों पर पौराणिक थीम पर वाल पेंटिंग करायें। उन्होंने रानीपुर भट्ट व गोस्वामी तुलसीदास महाविद्यालय के पास बनाई गई पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया। जहां पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिये कि सफाई, प्रकाश, पेयजल, शौचालय आदि व्यवस्थायें करें। लोनिवि अधिशासी अभियंता को निर्देश दिये कि बेड़ीपुलिया से रामघाट यूपीटी परिक्रमा मार्ग की तरफ जाने वाले रास्ता के डिवाइडर की अच्छे से सफाई कराकर रंगाई-पुताई करायें।



परिक्रमा मार्ग का करते करते डीएम आदि।

निरीक्षण में एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम, सदर एसडीएम सुश्री पूजा साहू, सीओ सिटी राजकमल, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, जल संस्थान डीके सत्संगी, लोनिवि संतोष कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका लालजी यादव समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव का समापन

## उज्जैन के कलाकारों ने किया मंचन, मप्र सीएम ने की शिरकत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** 20 से 26 अक्टूबर तक चल रहे अंतर्राष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव का समापन हुआ। ये भव्य समारोह श्रीराघव प्रयाग घाट नयागांव में आयोजित किया गया। मप्र मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शामिल हुए।

शनिवार को उज्जैन के रंगरेज कला संस्थान के कलाकारों ने प्रतिदिन शाम सात बजे श्रीरामकथा के विभिन्न प्रसंगों का सजीव मंचन किया। आयोजन में श्रीरामराजा सरकार प्रदर्शनी आकर्षण कर केन्द्र रही, जो श्रीराम के छत्तीस गुणों को समर्पित रही। जटायु प्रसंग में डॉ कृष्ण गोपाल मिश्र ने कहा कि जटायु ने बुद्धिमानी से अपने पंखों को सूर्य के ताप से बचाया। ऋषि चंद्रमा के आशीर्वाद से त्रेता युग में पुनः पंख प्राप्त किए। उन्होंने जटायु के त्याग, मित्रता व ऋषियों की सेवा के महत्व को भी रेखांकित किया। उत्सव दौरान श्रीराम-हनुमान मिलन का भावुक प्रसंग दर्शकों को भावविभोर कर गया। जहां प्रभु श्रीराम ने हनुमानजी को गले लगाकर भक्ति का आदर्श प्रस्तुत किया। इसके अलावा सुग्रीव से मित्रता, बालि वध व लंका दहन जैसे वीरतापूर्ण प्रसंग हुए। समापन दिवस पर सेतुबंध, रामेश्वरम स्थापना, रावण-अंगद संवाद, कुंभकरण वध, मेघनाथ वध और श्रीराम के राज्याभिषेक जैसे महत्वपूर्ण प्रसंग हुए। जो दर्शकों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहे।



रामकथा के प्रसंगों का मंचन करते कलाकार।

# विज्ञान मॉडल व क्विज प्रतियोगिता सम्पन्न

## पांच प्रतिभागियों को मिले टेबलेट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत जिला स्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान मॉडल व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भजन संध्या स्थल चित्रकूट में हुआ। पांचों ब्लाकों से दस-दस बच्चों ने हिस्स लिया। सभी ब्लाक से पांच बच्चों ने मॉडल बनाकर विज्ञान सम्बन्धी जानकारियां दी।

वहीं पांच बच्चों ने क्विज में हिस्सा लिया। बच्चों के बनाये मॉडल का अवलोकन आदर्श कुमार त्रिपाठी प्राचार्य डायट शिवरामपुर, संतोष कुमार मिश्र जिला विद्यालय निरीक्षक, बीके शर्मा जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, ज्ञानेन्द्र भदौरिया जिला समाज कल्याण अधिकारी, सौरभ चन्द्र सविता प्रवक्ता विज्ञान, सुश्री श्रुति पाण्डेय प्रवक्ता विज्ञान, लवकुश सिंह ने किया। विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में ध्रव कक्षा सात कम्पोजिट विद्यालय कोनिया मऊ ने प्रथम, बेबी कक्षा आठ उप्राथि सरैया मानिकपुर ने द्वितीय, मो शाहिल कक्षा आठ उप्राथि कटैया खादर रामनगर ने तृतीय, आकर्ष कक्षा आठ उप्राथि रेरूवा रामनगर ने चतुर्थ व अश्वनी कुमार कक्षा आठ उप्राथि अमानपुर ने पंचम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान मॉडल में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले पांच बच्चों को पुरस्कार में टेबलेट प्रदान किये गये। क्विज प्रतियोगिता में पहाडी को प्रथम व मऊ को द्वितीय स्थान मिला।

# नर्स से गैंगरेप: हाथ-पैर बांध रेलवे ट्रैक पर मरने को फेंका

## तीन युवकों ने रास्ते में रोका, आंख पर मारे घूसे

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** बरगढ़ थाना क्षेत्र में एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। थाने से महज एक किमी दूर बोझ गांव में एक युवती के साथ तीन लोगों ने गैंगरेप किया। युवती एक प्राइवेट अस्पताल में नर्स है। वह शनिवार को सवेरे साढ़े नौ बजे साइकिल से अस्पताल जा रही थी। तभी सड़क किनारे खड़े युवक ने पत्थर से हमलाकर उसको रोक लिया। इसके बाद आरोपी ने मौके पर अपने साथियों को बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पहचान छिपाने को आरोपियों ने नर्स के चेहरे पर घूसे मारे। हाथ-पैर बांधकर रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया। होश आने पर नर्स ने ट्रैक पर मौजूद एक युवक को इशारे से बुलाया। युवक ने नर्स को अस्पताल पहुंचाया। साथ ही पुलिस को घटना के बारे में बताया।

वहीं अस्पताल पहुंची पुलिस ने नर्स के बयान लिये। उसकी हालत गंभीर है। बेहतर इलाज को प्रयागराज रेफर किया गया। वहीं पर उसका मेडिकल होगा। पुलिस को घटना की सूचना देने वाला युवक लापता है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस ने तीन आरोपियों पर गैंगरेप का मामला दर्जकर लिया है। पीडित नर्स ने बताया कि वह रोज की तरह घर से अस्पताल जाने को निकली। साइकिल से अस्पताल जा रही थी। तभी सड़क पर एक लड़का खड़ा दिखाई दिया। उन पर ध्यान नहीं दिया और आगे बढ़ गई। थोड़ा आगे बढ़ने पर पीछे से किसी ने मेरे सिर पर तेजी से पत्थर मारा। इसके चलते मैं वहीं पर गिर गई। सिर की चोट की वजह मेरी आंखें बंद होने लगीं। इसके बाद तीनों लड़के उठाकर ले गए और मेरा हाथ-पैर बांधने लगे। वे लोग आपस में कुछ बातें कर रहे थे। गालियां देकर बदला लेने की बात कर रहे थे। उनको पहचान न पाऊं इसलिए मेरी आंख पर घूसे मारे। मेरे साथ उन लोगों ने गंदा काम किया। रेलवे ट्रैक पर मरने को फेंक कर चले गए। होश आया तो मैंने एक युवक से मदद मांगी।

मामले में एसपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। युवती के बयान ले लिए गए हैं। उसे बहुत ज्यादा ब्लीडिंग हुई है। उसका इलाज चल रहा है। सभी तीनों आरोपियों पर मामला दर्जकर लिया गया है। सभी आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# चार साल से नहीं मिल रहा जमीन का किराया

## संत ने लगाई न्याय की गुहार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के रौली कल्याणपुर गांव के एक संत ने डीएम कार्यालय पहुंचकर अपनी पैतृक 15 बीघा जमीन को मुक्त कराने के लिए न्याय की मांग की है। संत ने कहा कि जमीन को मील चलाने को किराए पर दिया था, लेकिन पिछले चार साल से किराया नहीं मिला है। इस पर उन्होंने अतिरिक्त एसडीएम को शिकायत पत्र सौंपते हुए मदद की गुहार लगाई है।



शनिवार को संत ने बताया कि 2017 में अपनी जमीन आगरा के विनोद यादव को किराए पर दी थी। पहले तीन साल तक किराया नियमित मिला। इसके बाद विनोद ने किराया देना बंद कर दिया। हर बार बहाना बनाता रहा। बाद में विनोद ने ये मील चित्रकूट के बब्बू त्रिपाठी को सौंप दी, जो अब जमीन पर कब्जा किए हुए हैं। संत ने जब बब्बू से बात की तो उन्होंने कहा कि इस मामले में वे सिर्फ विनोद से ही बात करें। परेशान होकर संत ने अब कलेक्ट्रेट में पत्र सौंप न्याय की गुहार लगाई है।

# दीपोत्सव की तैयारी पूरी: २९ से शुरू होगा पांच दिवसीय दीपोत्सव मेला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** धर्मनगरी चित्रकूट एक बार फिर दीपावली पर्व की भव्यता में रंगने जा रही है। इस पावन भूमि पर 29 अक्टूबर से दो नवंबर तक पांच दिवसीय दीपोत्सव मेला आयोजित किया जाएगा। जिला प्रशासन ने इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली है। मेले में लाखों श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई जा रही है।

चित्रकूट का दीपोत्सव, अयोध्या की तर्ज पर भव्यता के साथ मनाया जाएगा। हर वर्ष की तरह इस बार भी देश के कोने-कोने से लाखों श्रद्धालु रामघाट पर मंदाकिनी नदी में दीपदान करेंगे। जिला प्रशासन ने इस अवसर पर धर्मनगरी के मुख्य द्वार, चैराहों व रामघाट को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया है। मानो प्रभु श्रीराम के स्वागत के लिए ये तैयार हो रही हो। दीपों की इस जगमगाहट से चित्रकूट आने वाले श्रद्धालु यहां की भव्यता व दिव्यता की ओर आकर्षित होंगे। रामघाट पर दीयों की आभा में चारों ओर आनंद-उल्लास का माहौल बनेगा। जो लंका विजय के बाद राम के आगमन की स्मृतियों को पुनः जीवंत कर देगा।



रामघाट का दृश्य।

चित्रकूट के डीएम शिवशरणप्पा जीएन व सतना डीएम अनुराग वर्मा ने जानकारी दी कि जिला प्रशासन ने मेले के आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली है। मेला क्षेत्र में सुरक्षा को सीसीटीवी कैमरे लगाये हैं। तीर्थ विकास परिषद, नगर पालिका व जिला प्रशासन के सहयोग से चित्रकूट धाम रेलवे स्टेशन से लेकर रामघाट तक के मुख्य चैराहों को सजाया गया है। डीएम ने कहा कि मेले में श्रद्धालुओं को दीपावली का एक अद्वितीय नजारा देखने को मिलेगा। प्रशासन ने 20 से 25 लाख श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं, ताकि दीपोत्सव श्रद्धालुओं के लिए एक सुरक्षित और सुखद अनुभव हो। दीपावली का ये पर्व इस बार चित्रकूट में विशेष रूप से यादगार बनने जा रहा है। श्रद्धालुओं को न केवल धार्मिक, बल्कि सांस्कृतिक व ऐतिहासिक अनुभव भी प्राप्त होगा।

# पोद्दार इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल पर वसूली का आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सेठ राधा कृष्णन पोद्दार इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल पर छात्रों ने अवैध ढंग से अधिक फीस वसूली व मारपीट का आरोप लगाया है। छात्रों ने आरोप लगयो कि प्रिंसिपल बिना रसीद के मनमानी फीस वसूल रहे हैं। फीस न देने पर छात्रों को धमकी देते हैं कि उनके नाम काट दिए जायेंगे। परेशान सैकड़ों छात्र कलेक्ट्रेट आये। मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम को सौंपकर न्याय की गुहार लगाई।

शनिवार को विरोध-प्रदर्शन की अगुवाई भीम आर्मी जिलाध्यक्ष संजय कुमार गौतम ने किया। उन्होंने बताया कि प्रिंसिपल के रवैये से छात्रों में भारी आक्रोश है। वे लगातार प्रताड़ित महसूस कर रहे हैं। छात्रों ने कई बार इस मामले की शिकायत की है, लेकिन अब तक उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। जिला विद्यालय निरीक्षक ने मामले को संज्ञान में लेने की बात कही है। आश्वासन दिया कि जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रिंसिपल दोषी पाये जाते हैं तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



विरोध-प्रदर्शन करते छात्र।

# मिलावट के खिलाफ जारी अभियान, 75 किलो खोया नष्ट कराया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त व डीएम के आदेश पर सहायक आयुक्त सुश्री प्रियंका सिंह के निर्देश पर कर्वी/मानिकपुर तहसील क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा टीम ने एक नमूना जांच को संग्रहित किया। 75 किग्रा खोया मूल्य 20250 रूपये खराब मिलने पर मौके पर नष्ट कराया।

शनिवार को सीतापुर रामघाट रोड चित्रकूट स्थित चन्द्रिका प्रसाद के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ सरसो तेल एक नमूना संग्रहीत किया। 43 लीटर खाद्य तेल मूल्य 6020 रुपये सीज किया। मानिकपुर खोया मंडी स्थित राकेश सिंह से खाद्य पदार्थ खोया का एक नमूना संग्रहीत किया। मानिकपुर खोया मंडी स्थित शिवमूरत से खाद्य पदार्थ खोया का एक नमूना संग्रहीत किया। रामघाट रोड सीतापुर स्थित चन्द्रिका प्रसाद के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ पोगा का नमूना सग्रहित किया। 46 किग्रा खाद्य पदार्थ पोगा मूल्य 3125 रुपये सीज किया। संग्रहित सभी नमूनों को जांच को खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्यवाही की जायेगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार, विनय कुमार, प्रमोद कुमार सोनकर मौजूद रहे।



दुकानों पर नमूने लेती खाद्य विभाग की टीम।

## निरीक्षक राजेश द्विवेदी पदोन्नति पाकर बने पुलिस उपाधीक्षक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने निरीक्षक से पुलिस उपाधीक्षक पद पर प्रोन्नति पाने वाले निरीक्षक राजेश द्विवेदी के कन्धों पर सफेद धातु के स्टार लगाकर अलंकृत किया। पुलिस अधीक्षक ने प्रोन्नति पाने वाले उपाधीक्षक का मुंह मीठा कराया। शुभकामनायें देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक जनसूचना सेल जयप्रकाश उपाध्याय, प्रभारी निरीक्षक चुनाव सेल प्रदीप यादव, प्रभारी निरीक्षक वीर प्रताप सिंह, प्रभारी आंकिक शमसुद्दीन, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह मौजूद रहे।

# परमात्मा के बिना एक भी पत्ता नहीं हिल सकता: कथा व्यास

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन आचार्य नवलेश दीक्षित ने कहा कि विधि के विधान को टाला नहीं जा सकता। भगवान श्रीकृष्ण सर्व सार्मथ्यवान ईश्वर होते हुए भी अपने सगे भांजे अभिमन्यु को नहीं बचा पाए। यही तो गोस्वामी तुलसीदास कहते हैं तुलसी इस धरा को प्रमान यही जो फरा सो छरा जो बरा सो बुतानो। इसलिए इस संसार में ईश्वर की इच्छा अकाट्य है। उस परमात्मा के बिना एक भी पत्ता हिल नहीं सकता। भागवत कथा व्यक्ति को निभ्न्यता प्रदान कराती है। निःसंदेहता को मिटाकर हृदय में प्रभु का साक्षात्कार कराती है। जब कभी मन व्यथित हो तब द्रौपदी, कुंती, सुभद्रा, उत्तरा का प्रसंग स्मरण कर लेना चाहिए कि ऐसी महान भक्तो के जीवन में कैसा संकट आया है। जिनके पास स्वयं भगवान कृष्ण सदैव रहते थे।



कथा व्यास नवलेश दीक्षित।

शनिवार को ये बात मानिकपुर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन भागवतरत्न आचार्य नवलेश दीक्षित ने कही। उन्होंने पांडव चरित्र, विदुर चरित्र, भीष्म कथा, शुक संवाद, महाराज मनु सतरूपा की कथा का विस्तार से वर्णन किया। आकूति रुचि प्रजापति से यज्ञ एवं दक्षिणा दो संताने देवहुति से नौ कन्याएं जो साक्षात नवधा भक्ति स्वरूपा थी। जिससे सृष्टि का विस्तार हुआ तथा एक पुत्र कपिल का प्रार्दुभाव हुआ। जिन्होंने मां को पावन उपदेश देकर गंगा सागर में प्रवेश कर गए। इसीलिए कहा गया है सारे तीर्थ बार-बार गंगा सागर एक बार। इस मौके पर कथा आयोजक डा विभांशु कुशवाहा सदस्य भारतीय चिकित्सा परिषद अपने पिता जेपी कुशवाहा की स्मृति में आयोजन कर रहे हैं। मुख्य यजमान फूलमती देवी, पूर्व ब्लाक प्रमुख विनोद कुमार द्विवेदी, संतोष कुशवाहा समेत बडी तादाद में श्रोतागण मौजूद रहे। आरती के पश्चात प्रसाद वितरित किया गया।

# 18 क्वार्टर शराब समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब के निर्माण/बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर दुर्गविजय सिंह की अगुवाई में दरोगा राम आधार सिंह व सिपाही जलीलउद्दीन ने नंदकिशोर कोल पुत्र नंदाकोल कोटा कंदैला मानिकपुर को 18 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

# चित्रकूटधाम मंडल आयुक्त-डीआईजी ने सुनी समस्यायें

## भरतकूप में भी सुनी समस्यायें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चित्रकूटधाम मंडल आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की मौजूदगी में कोतवाली कर्वी में थाना समाधान दिवस के मौके पर फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण को सम्बन्धित को निर्देश दिये। भूमि विवाद से सम्बन्धित मामले में पुलिस व राजस्व विभाग को संयुक्त रुप से मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश दिये। इस मौके पर एडीएम एफआर उमेशचन्द्र निगम, सीओ सिटी राज कमल, कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह, पीआरओ प्रवीण सिंह तथा राजस्व व पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।



समस्या सुनते डीआईजी-एसपी।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में भरतकूप में थाना समाधान दिवस के मौके पर फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण को सम्बन्धित को निर्देश दिये। भूमि विवाद बाबत पुलिस व राजस्व विभाग को संयुक्त रुप से मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश दिये। इस दौरान पीआरओ प्रवीण सिंह, दरोगा राहुल पाण्डेय तथा राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## 28 अक्टूबर को आयुक्त लेंगे सीएम डैशबोर्ड की बैठक

**चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने बताया कि चित्रकूटधाम मंडल बांदा आयुक्त/नोडल अधिकारी बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में 28 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में कानून व्यवस्था एवं सीएम डैशबोर्ड/विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक होगी। विकासखंड कर्वी के तहत एक ग्राम पंचायत में ग्राम चैपाल लगाई जायेगी। इसमें चित्रकूटधाम मंडल बांदा आयुक्त प्रतिभाग करेंगे। सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि चित्रकूटधाम मंडल बांदा आयुक्त/नोडल अधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक व ग्राम पंचायत में ग्राम चैपाल में हिस्सा लें।

# डीएपी खाद की किल्लत: किसानों में बढ़ी चिंता

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** जिले में डीएपी खाद की कमी ने किसानों को चिंतित कर दिया है। खाद केंद्रों के बाहर लंबी लाइनें लगाकर खड़े किसान दिनभर अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। खाद के लिए होड़ इतनी बढ़ गई है कि कई बार झगड़े भी हो चुके हैं। इसके कारण सुरक्षा को पुलिस बल तैनात करना पड़ा है।

शनिवार को खाद की कमी से परेशान किसान मानिकपुर हल्दीडांडी समेत अन्य सहकारी समितियों में किसानों को एक से दो बोरी खाद को हफ्तों तक इंतजार करना पड़ रहा है। बिना खाद के रबी फसलों की बुवाई में गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। महिलाओं समेत छोटे बच्चे भी घंटों लाइन में खड़े रहते हैं, लेकिन निराशा ही हाथ लगती है। ग्रामीणों ने कहा कि जब उनका नंबर आता है, तब खाद खत्म हो जाती है। इससे उनकी चिंता और बढ़ गई है। एसडीएम मानिकपुर पंकज वर्मा ने बताया कि हाल ही में खाद की एक खेप आई है। पुलिस बल की मौजूदगी में इसका वितरण किया जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि खाद की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, ताकि किसानों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

# विदेश संदेश

## 100 जेट हवा में उड़े, धरती पर गिराए अनगिनत बम, सैन्य अड्डों को किया तबाह... 25 दिनों बाद इजराइली सेना ने लिया बदला, ईरान के मिसाइल फैक्ट्रियों पर रॉकेट दागे

**इजराइल**

**इजराइल** और ईरान के बीच चल रहा संघर्ष और बढ़ गया है। ईरान द्वारा 1 अक्टूबर को इजराइल पर मिसाइलों की बौछार करने के तीन सप्ताह से अधिक समय बाद, इजराइल ने इस्लामिक राष्ट्र पर कई हवाई हमले करके जवाबी कार्रवाई की है, जिसमें उसके "सैन्य" स्थलों को निशाना बनाया गया है।

इजराइल और ईरान के बीच चल रहा संघर्ष और बढ़ गया है। ईरान द्वारा 1 अक्टूबर को इजराइल पर मिसाइलों की बौछार करने के तीन सप्ताह से अधिक समय बाद, इजराइल ने इस्लामिक राष्ट्र पर कई हवाई हमले करके जवाबी कार्रवाई की है, जिसमें उसके "सैन्य" स्थलों को निशाना बनाया गया है। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार को सुबह 2:00 बजे के आसपास ईरान की राजधानी तेहरान में विस्फोट हुए, जिसके कुछ घंटों बाद हमलों की दूसरी लहर आई। पहले हमलों के छह घंटे से अधिक समय बाद, इजराइल ने कहा कि ईरान में उसके हमले समाप्त हो गए हैं। उल्लेखनीय रूप से, 1 अक्टूबर के हमले के बाद, ईरान ने कहा था कि इजराइल के खिलाफ उसका हमला समाप्त हो गया है, जब तक कि उसने आगे कोई उकसावे की कोशिश नहीं की। इजराइल और संयुक्त राज्य अमेरिका ने जवाबी कार्रवाई की कसम खाई थी, जो आज (26 अक्टूबर) कुछ सप्ताह बाद हुई, जिससे यह आशंका पैदा हो गई कि पश्चिम एशिया संघर्ष और भी बदतर हो सकता है।

शनिवार को ईरान पर इजरायल के "सटीक हमलों" की तीन लहरों में 100 से अधिक विमान शामिल थे, जिनमें अत्याधुनिक ऋ35 भी शामिल था, जिसने व्यापक संघर्ष वृद्धि को रोकने के लिए परमाणु और तेल सुविधाओं से बचते हुए सैन्य लक्ष्यों पर विशेष रूप से हमला करने के लिए 2,000 किलोमीटर की यात्रा की। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, इजरायली सेना ने व्यापक संघर्ष वृद्धि को रोकने के लिए परमाणु और तेल सुविधाओं से बचते हुए सैन्य




लक्ष्यों पर सख्ती से ध्यान केंद्रित किया। हालाँकि, हाई अलर्ट बना हुआ है क्योंकि इजरायल को संभावित जवाबी कार्रवाई की आशंका है और वह भी सिर्फ.ईरान से नहीं।

जेरूसलम पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस बड़े पैमाने पर हमले में 100 से अधिक विमान शामिल थे, जिनमें ऋ35 'अदिर' स्टील्थ फाइटर शामिल थे, जिन्होंने लगभग 2,000 किलोमीटर की दूरी तय की। इस बीच, ईरान ने कहा कि इजरायली हमलों ने इलाम, खुजेस्तान और तेहरान प्रांतों में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, जिससे 'सीमित क्षति' हुई।

इस तरह के बड़े पैमाने पर ऑपरेशन की शुरूआत संभवतः रडार और वायु रक्षा प्रणालियों को निशाना बनाकर किए गए शुरूआती हमलों से हुई, जिससे सैन्य प्रतिष्ठानों पर आगे के हमलों का रास्ता साफ हुआ। इससे पहले, सीरिया में एक समन्वित हमले ने इसी तरह के खतरों को समाप्त कर दिया था, जिससे ईरान को इजरायल के इरादों के बारे में जानकारी नहीं मिल पाई थी।

व्यापक ईंधन भरने की क्षमता

इस तरह के लंबी दूरी के हमलों के लिए व्यापक ईंधन भरने की क्षमता की आवश्यकता होती है और 669 बचाव इकाई को हाई अलर्ट पर रखा जाता है। क्छ्रु अब ईरान, इराक, यमन, सीरिया और लेबनान से संभावित प्रतिक्रियाओं पर सतर्कता से नजर रख रहा है, और संभावित जवाबी कार्रवाइयों की एक श्रृंखला के लिए तैयारी कर रहा है।

## चीन ने तोड़ी चुप्पी, लद्दाख में सीमा से PLA सैनिकों की वापसी पर आखिरकार आया ड्रैगन का बयान

**बीजिंग: ब्रिक्स** समिट में पीएम मोदी और चीनी राष्?ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात के बाद लद्दाख में भारत और चीन के सैनिकों की वापसी शुरू हो गई है। इस पूरे मामले में अब चीन ने चुप्?पी तोड़ी है। चीन ने कहा है कि दोनों देशों के बीच हाल ही में हुए समझौते के बाद पूर्वी लद्दाख से चीनी और भारतीय सैनिकों की वापसी ह्लसुचारू रूप सेह्व हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 23 अक्टूबर को रूस के कजान में ब्रिक्स सम्मेलन से इतर अपनी द्विपक्षीय बातचीत में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास से सैनिकों के पीछे हटने और गश्त को लेकर हुए समझौते का अनुमोदन किया था।



चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने शुक्रवार को बीजिंग में बताया, सीमा क्षेत्र से संबंधित मुद्दों पर चीन और भारत के बीच हाल ही में हुए समझौते के तहत दोनों देशों की सेनाएं अपने-अपने जवानों की वापसी में जुटे हैं और यह प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। भारत ने टकराव वाले स्थानों से सैनिकों को वापस बुलाने को लेकर चीन से हुए समझौते की 21 अक्टूबर को घोषणा की थी और बीजिंग ने एक दिन बाद इसकी पुष्टि करते हुए कहा था कि दोनों ह्लपक्ष प्रासंगिक मामलों के समाधानह्व तक पहुंच गए हैं और वह (बीजिंग) इन प्रस्तावों को लागू करने के लिए नयी दिल्ली के साथ मिलकर काम करेगा।

भारतीय सेना ने वापसी पर क्या बोला?

भारतीय सेना के सूत्रों ने शुक्रवार को बताया, भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में डेमचोक और डेपसांग मैदानी क्षेत्रों में टकराव वाले दो बिंदुओं से सैनिकों की वापसी शुरू कर दी है और यह प्रक्रिया 28-29 अक्टूबर तक पूरी होने की संभावना है।ह्व उन्होंने कहा कि समझौता केवल टकराव वाले इन दो बिंदुओं के लिए हुआ है तथा अन्य क्षेत्रों के लिए 'बातचीत अब भी चल रही है।' सूत्रों ने कहा कि सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद टकराव वाले दोनों बिंदुओं पर गश्त शुरू होगी और दोनों पक्ष अपने-अपने सैनिकों को हटाकर अस्थायी ढांचों को नष्ट कर देंगे।

सूत्रों ने कहा कि अंततः गश्त का स्तर अप्रैल 2020 से पहले के स्तर पर पहुंचने की उम्मीद है। जून 2020 में गलवान घाटी में दोनों देशों के सैनिकों के बीच भीषण संघर्ष के बाद संबंधों में तनाव आ गया था। यह पिछले कुछ दशकों में दोनों पक्षों के बीच सबसे गंभीर सैन्य संघर्ष था।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने 21 अक्टूबर को दिल्ली में संवाददाताओं से कहा था कि पिछले कुछ सप्ताह में हुई बातचीत के बाद समझौते को अंतिम रूप दिया गया और इससे 2020 में सामने आए मुद्दों का समाधान निकलेगा।

## अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने के बाद लौटे नासा के अंतरिक्ष यात्री अस्पताल में भर्ती

**फ्लोरिडा**

**अंतरिक्ष** यान के उतरने के तुरंत बाद, नासा ने कहा कि उसके एक अंतरिक्ष यात्री को ह्लचिकित्सा संबंधी समस्याह्व हो गई है और एहतियात के तौर पर चालक दल को फ्लोरिडा के पेंसाकोला के एक अस्पताल में ले जाया गया है।

अंतरिक्ष स्टेशन पर लगभग आठ महीने तक रहने के बाद लौटे नासा के एक अंतरिक्ष यात्री को अज्ञात चिकित्सा समस्या के कारण अस्पताल ले जाया गया। अंतरिक्ष एजेंसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इन अंतरिक्ष यात्रियों का अंतरिक्ष प्रवास बोइंग के कैप्सूल की खराबी और तूफान मिल्टन के कारण बढ़ गया था। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से सप्ताह के मध्य में रवाना होने के बाद ह्लस्पेस एक्सह्व के कैप्सूल में लौटे ये अंतरिक्ष यात्री पैराशूट की




मदद से फ्लोरिडा के तट के पास मैक्सिको की खाड़ी में उतरे।

अंतरिक्ष यान के उतरने के तुरंत बाद, नासा ने कहा कि उसके एक अंतरिक्ष यात्री को ह्लचिकित्सा संबंधी समस्याह्व हो गई है और एहतियात के तौर पर चालक दल को फ्लोरिडा के पेंसाकोला के एक अस्पताल में ले जाया गया है।

अंतरिक्ष एजेंसी ने एक बयान में कहा कि अंतरिक्ष यात्री की हालत स्थिर है और उसे ह्लएहतियाती उपायह्व के तौर पर अस्पताल में रखा गया है। अन्य अंतरिक्ष यात्री ह्यूस्टन लौट गये हैं। कई महीनों तक भारहीनता की स्थिति में रहने के बाद अंतरिक्ष यात्रियों को गुरुत्वाकर्षण के अनुकूल पुनः समायोजित होने में कई दिन या सप्ताह भी लग सकते हैं।

## रूस जाने की इतनी बड़ी सजा, गुस्साए जेलेंस्की ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव का यूक्रेन दौरा किया रद्द

**कीवः यूक्रेन** के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शुक्रवार को दावा किया कि उत्तर कोरियाई सैनिकों को रूस इस सप्ताह के अंत में यूक्रेन के युद्धक्षेत्र में तैनात कर देगा। पश्चिमी देशों ने चेतावनी दी है कि इस तरह के घटनाक्रम से लगभग तीन साल से जारी युद्ध को और बढ़ावा मिलेगा तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र तक इसके भू-राजनीतिक परिणाम होंगे। इस संभावना ने नेताओं को चिंतित कर दिया है और युद्ध को लेकर राजनयिक तनाव गहरा गया है। यूक्रेनी राष्ट्रपति कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि जेलेंस्की ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस की कीव की निर्धारित यात्रा रद्द कर दी है।

ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होने रूस गए थे गुतारेस

अधिकारी ने नाम उजागर न करने की शर्त पर कहा कि यह यात्रा इस सप्ताह रूसी शहर कजान में हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के बाद होने वाली थी। इस सम्मेलन में गुतारेस भी शामिल हुए थे।

## डंकी मारकर अमेरिका जाने वालों के लिए बुरी खबर, अवैध रूप से रह रहे भारतीयों को भेजेगा वापस, किराए पर लिया चार्टर्ड प्लेन

**वॉशिंगटनः अमेरिका** ने अवैध रूप से रह रहे भारतीयों के खिलाफ एक्शन का फैसला लिया है। होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका ने अवैध रूप से रहने वाले भारतीय नागरिकों को वापस भेजने के लिए एक चार्टर्ड उड़ान किराए पर ली है। इसमें भारत सरकार से भी सहयोग लिया गया है। होमलैंड सिक्योरिटी की उप सचिव क्रिस्टी ए कैनेगैलो ने कहा, 'अमेरिका में रहने के लिए कानूनी आधार के बिना भारतीय नागरिकों को हटाया जा सकता है। तस्करों के छूटे वादों में न फंसें' उन्होंने कहा कि चार्टर उड़ान 22 अक्टूबर को भारत के लिए भेजी गई थी। भारतीयों की वापसी सहयोग का उदाहरण है। ऐसी वापसी पिछले कुछ वर्षों से हुई है। उन्होंने बताया कि उनका विभाग इमीग्रेशन कानूनों को लागू करना जारी रखेगा और गैरकानूनी तरीके से देश में घुसने वालों को कठोर परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने बताया कि जो लोग अवैध तरीके से देश में घुसे हैं उन्हें लौटाया जा रहा है। साथ ही वैध तरीके से अमेरिका में आने को प्रोत्साहित किया जाता है।

अब तक कितनी लोगों को भेजा गया वापस?

अवैध रूप से अमेरिका में घुसने को रोकने के लिए जून 2024 में एक नया नियम लागू किया गया है। इस नियम के लागू होने के बाद दक्षिण-पश्चिम सीमा पर बंदरगाहों के जरिए लोगों के आने में 55 फीसदी की कमी आई है। बयान में कहा गया कि वित्तीय वर्ष 2024 में होमलैंड सिक्योरिटी ने 160,000 से ज्यादा लोगों को हटाया या वापस भेजा है। भारत समेत 145 देशों के लिए 495 से ज्यादा इंटरनेशनल प्रत्यावर्तन उड़ाने शुरू की गईं।

इजरायल के लिए रक्षा के लिए अमेरिका ने तैनात किया THAAD, जानिए क्या है ये पावरफुल डिफेंस सिस्टम?

इन देशों के लोगों को भी भेजा वापस

होमलैंड सिक्योरिटी ने कहा कि वह दुनिया



भर की सरकारों के साथ काम कर रही है, ताकि देश अपने लोगों को वापस लें। ऊस्र्र कमजोर प्रवासियों का शोषण करने वाले अंतरराष्ट्रीय तस्करी नेटवर्क का मुकाबला करते हुए कानूनी प्रक्रिया के बिना लोगों की वापसी सुनिश्चित करना चाहता है। हाल के महीनों में ऊस्र्र ने कोलंबिया, इक्वाडोर, पेरू, मिस्र, मॉरिटानिया, सेनेगल, उज्बेकिस्तान और चीन समेतत कई देशों के लोगों को वापस भेजा है।

## इजराइल ने ईरान के ठिकानों पर हमले किए, पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ा

**ईरान**

**इजराइली** सेना ने शनिवार को बताया कि उसने ईरान में सैन्य ठिकानों पर सटीक हमले किए हैं। हालांकि उसने हमलों के बारे में फिलहाल कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी।

इजराइल ने शनिवार तड़के ईरान पर हवाई हमले किए और कहा कि उसने इस महीने की शुरूआत में ईरान द्वारा इजराइल पर दागी गईं बैलिस्टिक मिसाइल के जवाब में उसके सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया।

विस्फोटों की आवाज ईरान की राजधानी तेहरान में भी सुनी गईं। हालांकि अभी इस बारे में जानकारी नहीं है कि इन हमलों से



कितना नुकसान हुआ। इन हमलों ने दोनों कट्टर शत्रुओं के बीच ऐसे समय में पूर्ण युद्ध का खतरा बढ़ा दिया है जब पश्चिम एशिया में ईरान समर्थित चरमपंथी समूह - गाजा में हमास और लेबनान में हिजबुल्ला - पहले से ही इजराइल के साथ युद्धरत हैं।

इजराइली सेना ने शनिवार को बताया कि उसने ईरान में सैन्य ठिकानों पर सटीक हमले किए हैं।

इजराइली सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने पहले से रिकॉर्ड किए गए वीडियो संदेश में शनिवार को कहा, ह्यह्यईरान का शासन और क्षेत्र में उसके समर्थक सात अक्टूबर से इजराइल पर लगातार हमले कर रहे हैं... जिनमें ईरानी धरती से किए गए सीधे हमले भी शामिल हैं।

उन्होंने कहा, ह्यह्यदुनिया के हर अन्य संप्रभु देश की तरह इजराइल को भी जवाब देने का अधिकार है और यह उसका कर्तव्य है।

## ईरान और इजराइल का हिसाब बराबर, अब सैन्य हमले बंद होने चाहिए : अमेरिका

**अमेरिका**

**व्हाइट** हाउस के नियमों के अनुसार नाम न उजागर करने की शर्त पर अधिकारी ने बताया कि इजराइली अभियान व्यापक, सटीक और लक्षित था। उन्होंने कहा कि अमेरिका की इस हमले में कोई संलिप्तता नहीं है।

अमेरिका ने कहा है कि ईरान पर इजराइल के हमलों से हिसाब बराबर हो चुका है और अब दोनों शत्रु देशों के बीच प्रत्यक्ष सैन्य हमले बंद होने चाहिए। अमेरिका ने ईरान



को अब इजराइल पर जवाबी हमले करने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी। व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उनके प्रशासन को लगता है कि इजराइली (सैन्य) अभियान के उपरांत अब दोनों देशों के बीच सीधे सैन्य हमले बंद होने चाहिए।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## यहूदी देश को दे दी चेतावनी

**तेहरान/रियादः ईरान** के ऊपर इजरायल ने इतिहास का सबसे बड़ा हमला किया है। इजरायली विमानों ने 2000 किलोमीटर की दूरी तक उड़ान भरकर ईरान की राजधानी तेहरान और उसके सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। तेहरान में लोगों ने जोरदार धमाकों की आवाज सुनी हैं। हमले से ईरान में कितना नुकसान हुआ है, इस बात को लेकर अभी कोई जानकारी नहीं है। इस बीच ईरान पर हमलों के खिलाफ सऊदी अरब ने प्रतिक्रिया देते हुए इजरायली सैन्य कार्रवाई की निंदा की है।

सऊदी अरब ने की हमले की निंदा

सऊदी विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि सऊदी अरब ईरान को निशाना बनाने वाले इजरायली सैन्य हमले की निंदा करता है।

इसने कहा कि यह 'ईरानी संप्रभुता का उल्लंघन और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है।' इजरायल ने हवाई हमले में ईरान की मिसाइल निर्माण सुविधाओं और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाए जाने की बात कही है।

## इजराइल ने ईरान पर किया सीधा हमला: सैन्य ठिकानों पर हमला

**इजरायली**

**इजरायली** सेना ने शनिवार की सुबह ईरान के सैन्य ठिकानों पर सटीक हमले किए है। ये हमले 1 अक्टूबर को ईरान द्वारा किए गए बैलिस्टिक मिसाइल हमले का जवाब था। ये जानकारी समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस को अधिकारियों ने दी है।

इजरायली सेना ने शनिवार की सुबह ईरान के सैन्य ठिकानों पर सटीक हमले किए है। ये हमले 1 अक्टूबर को ईरान द्वारा किए गए बैलिस्टिक मिसाइल हमले का जवाब था। ये जानकारी समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस को अधिकारियों ने दी है।

इजरायली सेना द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, "ईरान में शासन और क्षेत्र में उसके समर्थक 7 अक्टूबर से लगातार इजरायल पर हमला कर रहे हैं - सात मोर्चों पर - जिसमें ईरानी धरती से सीधे हमले भी शामिल हैं।



दुनिया के हर दूसरे संप्रभु देश की तरह, इजरायल राज्य को भी जवाब देने का अधिकार और कर्तव्य है।"

एक्स पर पोस्ट किए गए एक अलग बयान में, सैन्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हैगरी ने कहा कि हमले से पहले इसने अपनी आक्रामक और रक्षात्मक क्षमताओं को "पूरी तरह से जुटाया" था। हैगरी ने लोगों से "सतर्क" रहने को भी कहा, क्योंकि हमलों के बाद इजराइल ने अपनी रक्षा प्रणालियों को हाई अलर्ट पर रखा है। ईरानी राज्य ने पहले कहा था कि उनके देश पर किसी भी हमले का कड़ा जवाब दिया जाएगा।

बता दें कि इससे पहले अमेरिकी समाचार चैनल फॉक्स न्यूज ने शुक्रवार को बताया कि इजरायल द्वारा ईरान पर हवाई हमले करने से कुछ समय पहले ही व्हाइट हाउस को सूचित कर दिया गया था। एक अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने बीबीसी को बताया कि शनिवार को ईरान में इजरायल द्वारा किए गए हमलों में अमेरिका की कोई संलिप्तता नहीं थी। उन्होंने यह भी कहा कि वाशिंगटन को इस ऑपरेशन के बारे में पहले ही सूचित कर दिया गया था। इजरायली आक्रमण ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिकी विदेश मंत्री एंथनी ब्लिंकन मध्य पूर्व के देशों के बीच मध्यस्थता करने और युद्ध विराम कराने के लिए इजरायल की यात्रा पर हैं।